फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 131 प्रभात जयपुर, गुरुवार 12 दिसम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



Doggie's Day Out

Pets are welcome everywhere, café's tables, sofas, pool and grooming salon. "We wanted to create a space where pets could truly feel at home." - Viren

Coat Trends You'll Want To Wear Everywhere

You've now gained an extra element to finish off your look.

# 'सभी एम.ओ.यू. की रिपोर्ट एक साल बाद जनता को पेश करेंगे'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंत्रियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, अधिकारियों व कर्मचारियों का सफल आयोजन के लिए आभार जताया

जयपुर, 11 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को नवाचार एवं निवेश का नया केन्द्र बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार राइज़िंग राजस्थान समिट में हुए एम.ओ.यू. को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करेगी। अगले वर्ष 11 दिसंबर को इन सभी एम.ओ.यू. के जमीन पर उतरने की कार्यवाही की समीक्षा कर इसे जनता के सामने लाया जाएगा तथा राइज़िंग राजस्थान का आयोजन वर्ष 2026 में फिर से होगा।

- **समापन सत्र में मुख्यमंत्री ने कहा, अगले 3 साल में जी.आई. टैग की संख्या दुगनी की जायेगी। जिससे जी.आई. टैग वाले उत्पाद गाँव से ग्लोबल की ओर बढ़ेंगे।**
- **उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा, राजस्थान पहले केवल पर्यटन के लिए जाना जाता था, समिट के बाद प्रदेश उद्योग क्षमताओं के लिए भी जाना जा रहा है।**



*राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के समापन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न कंपनियों और उपक्रमों के एग्ज़िबिटर बूथों का जायजा लिया। उन्होंने "बिल्डिंग अ सिक्योर नेशन" बूथ पर आधुनिक हथियारों का निरीक्षण किया।*

शर्मा ने बुधवार को राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वैस्टमैंट समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता एवं विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार एवं निवेश आकर्षण के एक नए केन्द्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एम.ओ.यू. किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं, जिनमें, राज्य में 11 औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# ई.वी.एम. से छेड़छाड़ के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट जाएगा विपक्ष

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले, कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक सर्वोच्च न्यायालय जाने की योजना बना रहा है। इंडिया ब्लॉक का आरोप है कि हाल ही में हुये महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) में गड़बड़ी हुई है।

मंगलवार शाम को एन.सी.पी. (एस.पी.) प्रमुख शरद पवार तथा आम आदमी पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया।

- **दिल्ली विधानसभा चुनावों में ई.वी.एम. से छेड़छाड़ की आशंका के कारण कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने जवाबी उपाय के तहत यह निर्णय किया है।**

विपक्ष, जिसमें पवार की पार्टी एन.सी.पी. (एस.पी.) भी शामिल है, को महाराष्ट्र में भारी नुकसान हुआ है।

दिल्ली विधानसभा के आसन्न चुनावों को ध्यान में रखते हुए, विपक्षी गठबंधन में इस सम्बंध में किसी अग्रिम योजना की जरुरत महसूस की जा रही है।

दिल्ली के पिछले दो विधानसभा चुनावों में, अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी का

( शेष पृष्ठ 3 पर )

# अजीबोगरीब खेल चल रहा है इंडिया गठबंधन में

## राज्यसभा में एकजुटता, तो लोकसभा में भारी आतंरिक विरोध

- रेणु मित्तल -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। एक विचित्र विरोधाभास है, विपक्षी इंडिया ब्लॉक दो अलग दिशाओं में काम कर रहा है। राज्य सभा में इंडिया ब्लॉक एकजुट है, राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ के विरूद्ध एकजुट है, जिनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखा गया है तथा आरोप लगाए गए हैं कि वे सरकार के प्रवक्ता हैं, सरकार के प्रति पक्षपाती है, विपक्ष को बोलने नहीं देते, न ही विपक्ष को अपना मत रखने देते हैं।

- **राज्यसभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं, के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने पूरी एकजुटता से अविश्वास प्रस्ताव रखा है।**
- **लोकसभा में कांग्रेस पूरी तरह से अलग-थलग है, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस पार्टी की ओर से कांग्रेस का जरा भी सहयोग नहीं किया जा रहा है।**
- **चर्चा है कि इसके पीछे शायद अडानी का हाथ है, जो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में अलग-थलग कर देने की दिशा में काम कर रहे हैं।**

धनखड़ सार्वजनिक मंच से विपक्ष के विरूद्ध तथा सरकार के पक्ष में बोलने के लिए जाने जाते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि पहली बार विपक्ष देश के उपराष्ट्रपति के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव रखने को बाध्य हुआ है, जो कि राज्यसभा के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा, ऐसा मौका पहले कभी नहीं आया, क्योंकि कोई भी अन्य पीठासीन अधिकारी उस हद तक नहीं गया, जिस हद तक वे गए हैं।

और इसके ठीक विपरीत, इंडिया ब्लॉक गठबन्धन में भारी मतभेद हैं, समाजवादी पार्टी और तृणमूल जैसे राजनैतिक दल, खासतौर से लोकसभा में, कांग्रेस को सहयोग नहीं दे रहे हैं।

प्रश्न यह है कि आखिर ऐसा क्यो हो रहा है? अडानी मुद्दे वजह से एक जवाब उभर रहा है। क्या अडानी विपक्षी इंडिया गठबंधन को तोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। क्या वे कांग्रेस को अलग-थलग कर यह सुनिश्चित कर देना चाहते है कि अधिकांश बड़े दल जो अब तक कांग्रेस के पक्ष में खड़े थे, वे कांग्रेस से अलग हो जाएं।

अडानी पर राहुल गांधी के फोकस तथा उनके नारे "अडानी और मोदी एक हैं" के कारण ही, सरकार ने जवाबी प्रहार करते हुये, सोनिया गांधी तथा उनके परिवार पर जॉर्ज सोरॉस के साथ कथित सम्बन्ध का आरोप लगाते हुये, उसे कटघरे में खड़ा कर दिया है। जगदीप धनखड़ ने नड्डा को गांधी परिवार पर ये आरोप लगाने की अनुमति तो दे दी, लेकिन इसके बाद, कांग्रेस और विपक्ष को जवाब देने की अनुमति नहीं दी।

### राहुल ने बिड़ला से सदन चलाने का आग्रह किया

नयी दिल्ली, 11 दिसम्बर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और कहा कि वे चाहते हैं कि संसद चले इसलिए सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जानी चाहिए। गांधी सदन की कार्यवाही शुरु

( शेष पृष्ठ 3 पर )



### विचार बिन्दु

सुधार के बिना पश्चाताप ऐसा है जैसे सुराख़ बंद किये बिना जहाज में से पानी निकालना। –पामर

# सोशल मीडिया बच्चों के लिए फायदेमंद है या नुकसानदेह

बच्चों के लिए सोशल मीडिया के फायदे और नुकसान पर दुनियाभर में चर्चा और मंथन का बाजार गर्म हो रहा है। सोशल मीडिया इंटरनेट पर आधारित प्लेटफॉर्म हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि नेटवर्क को सोशल मीडिया कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया में हर आधे सेकेंड में कोई न कोई बच्चा पहली बार ऑनलाइन दुनिया में दाखिल होता है। यूएस सर्जन जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक 8 से 12 साल के 40 फीसदी बच्चे और 13 से 17 साल के 95 फीसदी बच्चे सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। जर्नल में बताया गया है किस तरह सोशल मीडिया बच्चों की मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचा रहा है। खासतौर से उन बच्चों को जो एक दिन में तीन घंटे से ज्यादा का वक्त सोशल मीडिया पर बिताते हैं वो डिप्रेशन और एंजाइटी के शिकार होने के डबल रिस्क पर होते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के चलते बच्चे की नींद में भी कमी देखने को मिलती है। जो बच्चे देर रात तक सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है क्योंकि उन्हें सुबह स्कूल भी जाना होता है। सोशल मीडिया के उपयोग के चलते बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर भी प्रभाव पड़ता है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पास कर लिया है। यह कदम देश में सोशल मीडिया के बच्चों पर मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है। इस कानून के तहत, तकनीकी कंपनियों जैसे मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक), टिकटॉक को अपने प्लेटफॉर्म्स पर बच्चों के अकाउंट्स को ब्लॉक करना होगा, अन्यथा उन्हें 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना भुगतना पड़ेगा। यह प्रतिबंध अगले एक साल में पूरी तरह लागू होगा। ऑस्ट्रेलिया का यह कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बना है।

दुनियाभर में बच्चों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को लेकर इस समय चर्चा और बहस हो रही है। अनेक अध्ययन रिपोर्टों में कहा गया है कि इनका बचपन रचनात्मक कार्यों की जगह डेटा के जंगल में गुम हो रहा है। पिछले कई सालों में सूचना तकनीक ने जिस तरह से तरक्की की है, इसने मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है बल्कि एक तरह से इसने जीवनशैली को ही बदल डाला है। बच्चे और युवा एक पल भी सोशल मीडिया से खुद को अलग रखना गंवारा नहीं समझते। इनमें हर समय एक तरह का नशा सा सवार रहता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे इंटरनेट एडिक्शन डिस्ऑर्डर कहा गया है। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि जब सोशल मीडिया का इस्तेमाल लत की हद तक पहुंच जाए, तो यह न केवल मानसिक सेहत बल्कि शारीरिक समस्याओं का भी कारण बन सकता है। यही वजह है कि दुनियाभर में सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारियों को बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है। खासतौर पर बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर फोकस करते हुए कई देश नए कानून बना रहे हैं।

**अत्यधिक स्क्रीन टाइम आंखों की रोशनी, नींद की समस्याओं और मोटापे का कारण बन सकता है। स्क्रीन के सामने अधिक समय बिताने से बच्चों के सोशल स्किल कमजोर हो सकते हैं। सोशल मीडिया और विज्ञापनों के माध्यम से बच्चे अवास्तविक अपेक्षाएं पाल सकते हैं।**

दरअसल, बच्चों के लिए मोबाइल फोन और टीवी का आकर्षण अब आम बात हो गई है। अभिभावक भी अपने काम के चक्कर में बच्चों को मोबाइल फोन देकर या टीवी के सामने बैठा देते हैं। इसका बच्चों पर बहुत खराब असर पड़ता है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम आंखों की रोशनी, नींद की समस्याओं और मोटापे का कारण बन सकता है। स्क्रीन के सामने अधिक समय बिताने से बच्चों के सोशल स्किल कमजोर हो सकते हैं। सोशल मीडिया और विज्ञापनों के माध्यम से बच्चे अवास्तविक अपेक्षाएं पाल सकते हैं। कई रिसर्च में पता चला है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों और किशोरों में नींद की कमी और डिप्रेशन की शिकायत देखी जा रही है। डिप्रेशन बढ़ने से उनके स्वास्थ्य और फिजिकल फिटनेस पर भी बुरा असर पड़ता है।

भारत में बच्चों को सोशल मीडिया पर विचरण की पूरी आज़ादी है। यहाँ उम्र की कोई बाधा नहीं है। सच तो यह है भारत में बच्चों का बचपन आभासी दुनियां में खो गया है। एम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार आई एक्सपर्ट का यह भी कहना है कि जितनी छोटी स्क्रीन होगी, उतनी समस्या बढ़ेगी। आज घर घर में बच्चे धड़ल्ले से मोबाइल पर स्क्रीनिंग कर रहे है। उन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं है की यह उनके स्वास्थ्य के लिए कितनी खतरनाक है विशेष रूप से आँखों के लिए। एम्स के डॉक्टरों ने बच्चों में बढ़ते मायोपिया (दूर की चीजें साफ न दिखना) की एक वजह बढ़ता स्क्रीन टाइम बताया है। एम्स की गाइडलाइंस के अनुसार एक दिन में मैक्सिमम दो घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं होना चाहिए। एम्स के डॉक्टरों ने चेताते हुए कहा कि यही स्थिति रही तो 2050 तक 40 से 45 परसेंट बच्चे मायोपिया के शिकार हो जाएंगे। इसके लिए एम्स की गाइडलाइंस को फॉलो करना चाहिए। डॉक्टरों ने कहा कि मायोपिया में आंख की पुतली का साइज बढ़ जाता है और इसकी वजह से प्रतिबिंब रेटिना पर नहीं बनता है।

स्क्रीन टाइम ज्यादा होने का सबसे पहला असर बच्चों की आंखों की रोशनी पर पड़ रहा है। स्क्रीन को नजदीक और एकटक देखने से आंखें ड्राई होने लगती हैं यही हालात रहने पर आंखों की रोशनी कम होने लगती है। मोबाइल बच्चों का दोस्त है या दुश्मन। बिना विलंब किए अभिभावकों को इस पर गहनता से मंथन की जरुरत है। आजकल मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों को इंटरनेट एडिक्शन की तरफ ले जा रहा है। इस तरह के एडिक्शन से मानसिक बीमारियां पैदा होती हैं और ऐसे में बच्चे कोई न कोई गलत कदम उठा लेते हैं। आजकल के बच्चे इंटरनेट लवर हो गए हैं।

देश में इंटरनेट के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल में बचपन खोता जा रहा है जिसकी परवाह न सरकार को है और न ही समाज इससे चिंतित है। ऐसा लगता है जैसे गैर जरुरी मुद्दे हम पर हावी होते जारहे है और वास्तविक समस्याओं से हम अपना मुंह मोड़ रहे है। यदि यह यूँ ही चलता रहा तो हम बचपन को बर्बादी की कगार पर पहुंचा देंगे। देश के साथ यह एक बड़ी नाइंसाफी होगी जिसकी कल्पना भी हमें नहीं है। जब से इंटरनेट हमारे जीवन में आया है तबसे बच्चे से बुजुर्ग तक आभासी दुनियां में खो गए है। हम यहाँ बचपन की बात करना चाहते है। देखा जाता है पांच साल का बच्चा भी आँख खोलते ही मोबाइल पर लपकता है। पहले बड़े इसे अपने काम के लिए करते थे। अब बच्चे भी इंटरनेट के शौकीन होते जा रहे हैं। बाजार ने उनके लिए भी इंटरनेट पर इतना कुछ दे दिया है कि वह पढ़ने के अलावा बहुत कुछ इंटरनेट पर करते रहे हैं। पेरेंट्स को बच्चों की ऐसी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और समय रहते उनकी ऐसी आदत को पॉजेटिव तरीके से दूर करना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 12 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र प्रातः 9:53 तक, परिद्य योग दिन 3:23 तक, बव करण दिन 11:48 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कर्क, बुध–वृश्चिक, गुरू–वृष, शुक्र–मकर, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से 9:53 तक है। आज बुध उदय पूर्व में प्रातः 9:45 पर होगा। अखंड द्वादशी, व्यंजन द्वादशी, दान द्वादशी और भरणी दीपम है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:18 तक, चर 11:03 से 12:20 तक, लाभ–अमृत 11:10 से 2:55 तक, शुभ 4:12 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 5:30

### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### सिंह


व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन प्राप्ति में विलम्ब होगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

### तुला

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### वृश्चिक

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

घर–परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

### मकर

घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेंगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# एफ.डी.आई. : विदेशी निवेशकों का भरोसा जीत रहा भारत



राम शर्मा

पिछले दिनों एक समाचार ने पूरे देश के अखबारों की सुर्खियां बटोरी। यह समाचार था भारत में लगातार बढ़ रहे विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के बारे में। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बीते 10 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 600 अरब डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आया है।

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, देश में 1991 के निजीकरण के बाद से जून 2024 तक कुल 1,059 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। इसमें से 689 अरब डॉलर यानी 65 प्रतिशत 2014 से जून 2024 के बीच आया है, जबकि 370 अरब डॉलर यानी 35 प्रतिशत 1991 से 2014 बीच आया था।

भारत में चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी एफडीआई मजबूत रहा है। डीपीआईआईटी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से जून की अवधि में 16.17 अरब डॉलर का एफडीआई भारत में आया है, जो पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 10.9 अरब डॉलर से 47.80 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सबसे अधिक 3.9 अरब डॉलर का निवेश सिंगापुर से, 3.2 अरब डॉलर का निवेश मॉरीशस से, 2.4 अरब डॉलर का निवेश नीदरलैंड से, 1.5 अरब डॉलर का निवेश अमेरिका से, जापान से 629 मिलियन डॉलर, साइप्रस से 615 मिलियन डॉलर और यूएई से 555 मिलियन डॉलर निवेश आया था। इस दौरान सबसे ज्यादा 3.9 अरब डॉलर का एफडीआई निवेश सर्विस सेक्टर में आया है। कंप्यूटर और हार्डवेयर सेक्टर में 2.7 अरब डॉलर, गैर-पारंपरिक एनर्जी सेक्टर में 1.03 अरब डॉलर, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों में 666 मिलियन डॉलर, ट्रेडिंग और टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर में 460 मिलियन डॉलर और 455 मिलियन डॉलर का निवेश आया है।

वस्तुतः प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो विकास, रोजगार और नवाचार के प्रमुख कारक के रूप में कार्य करता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए, 1991 में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद से एफडीआई इसके आर्थिक सुधारों और आधुनिकीकरण की आधारशिला रहा है। दशकों से, भारत अपने विशाल बाजार, कुशल कार्यबल और अनुकूल सरकारी नीतियों की बदौलत निवेश के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से तात्पर्य किसी विदेशी संस्था द्वारा घरेलू उद्यम में किए गए निवेश से है, जिसमें उद्यम पर दीर्घकालिक हित और नियंत्रण शामिल होता है। भारत का एफडीआई के प्रति दृष्टिकोण पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुआ है। उदारीकरण से पहले यानि 1991 से पहले, भारत में एफडीआई की एक प्रतिबंधात्मक व्यवस्था थी, जिसमें कड़े नियम और सीमित विदेशी भागीदारी थी।

1991 के आर्थिक सुधारों ने अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एफडीआई के लिए नीतियों को उदार बनाया गया, जिससे विदेशी निवेशकों को भारत के बाजारों तक अधिक पहुंच मिली। इसमें दूरसंचार, ऑटोमोबाइल और आईटी जैसे उद्योगों में सुधार शामिल थे। आज, भारत वैश्विक स्तर पर एफडीआई के शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में से एक है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देशों से निवेश आकर्षित करता है।

एफडीआई भारत की अर्थव्यवस्था में बहुआयामी भूमिका निभाता है, जो कई तरीकों से इसके विकास में योगदान देता है। एफडीआई विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी पूंजी लगाकर भारत के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह औद्योगिक विकास को बढ़ावा देता है, बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करता है और अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव डालता है। एफडीआई विनिर्माण, आईटी और खुदरा जैसे क्षेत्रों में सीधे तौर पर लाखों नौकरियां पैदा करता है। यह सहायक उद्योगों और सेवाओं में अप्रत्यक्ष रोजगार को भी बढ़ावा देता है, जिससे बड़े और बढ़ते कार्यबल वाले देश में बेरोजगारी की चुनौतियों का समाधान होता है। इसी प्रकार दूरसंचार, ऑटोमोटिव और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों को विदेशी निवेशकों द्वारा लाई गई तकनीकी प्रगति से बहुत लाभ हुआ है।

एफडीआई ने भारत के बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें सड़कें, बंदरगाह और बिजली संयंत्र शामिल हैं। उदाहरण के लिए, अक्षय ऊर्जा में विदेशी निवेश ने भारत को टिकाऊ ऊर्जा समाधानों की ओर बढ़ने में मदद की है।

एफडीआई भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने और निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करता है। यह आईटी और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में स्पष्ट है, जहां भारत ने एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति स्थापित की है। विदेशी मुद्रा लाकर, एफडीआई भारत को अपने चालू खाता घाटे का प्रबंधन करने में मदद करता है, जिससे बाहरी उधार पर निर्भरता कम हो जाती है। यह सत्य है कि एफडीआई के कई लाभ हैं, लेकिन इसकी कुछ चुनौतियां भी है। एफडीआई पर अत्यधिक निर्भरता से कमज़ोरियां पैदा हो सकती हैं, खासकर तब, जब विदेशी निवेशक आर्थिक मंदी के दौरान धन वापस ले लेते हैं। इससे अर्थव्यवस्था के लड़खड़ाने का खतरा रहता है।बेहतर संसाधनों वाली विदेशी कंपनियां स्थानीय फ़र्मों से आगे निकल सकती हैं, जिससे संभावित रूप से एकाधिकार या बाज़ार में प्रभुत्व की स्थिति पैदा हो सकती है। विदेशी कंपनियों द्वारा अर्जित लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उनके गृह देशों में वापस भेज दिया जाता है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभ सीमित हो जाता है। एफडीआई प्रवाह अक्सर विशिष्ट क्षेत्रों में केंद्रित होता है, जिससे अन्य क्षेत्रों को कम फ़ंड मिल पाता है।

**–राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# वाहनों का भी आवश्यक हो अवसान/निरस्तीकरण पंजीकरण

## पंजीकरण समाप्त होने के बाद भी चल रहे वाहनों पर हो कार्यवाही



सुनील दत्त गोयल

हमारे देश की सड़कों पर पंजीकरण समाप्त हो चुके वाहनों का चलना एक गंभीर समस्या बन गई है। यह न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं के मामले में जिम्मेदारी तय करने में भी कठिनाई होती है।

हमारे देश में ऐसा एक सिस्टम डेवलप होना चाहिए कि 15 साल के बाद या जब तक वन टाइम टैक्स की वैधता होती है, उसके बाद वाहन और वाहन मालिक की केवाईसी पुनः होनी चाहिए। यानी कि री-केवाईसी का होना अति आवश्यक है। इन 10 से 15 सालों में बहुत से वाहन स्वामी अपना पता बदल लेते हैं या वाहन को बेच देते हैं, और उसका स्वामित्व हस्तांतरण नहीं करवाते। या उस वाहन को स्क्रैप कर देते हैं और स्क्रैप की सूचना सरकारी विभाग तक नहीं जाती। इसका कारण यह है कि इस तरह की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। दूसरा, बाहर बैठे जो दलाल और कमीशन एजेंट हैं, वे इतना पैसा मांगते हैं कि कोई व्यक्ति, अगर ईमानदारी से काम करना चाहे और सरकार को सहयोग भी करना चाहे, तो वह वहां जाकर भ्रष्टाचार में डूबे हुए तंत्र को देखकर वापस आ जाता है।

आज सरकार के पास सबसे बड़ी समस्या यह है कि जितने भी नए वाहन सड़क पर आते हैं, उनका तो पंजीकरण हो जाता है। लेकिन वह वाहन कब स्क्रैप पर चले गए, साल्वेज में चले गए, सड़क से बाहर हो गए, या उनकी केवाईसी बदल गई, इसका सरकार को कोई पता नहीं होता है। और भी ज्यादा गैर-जिम्मेदाराना बात यह है कि जो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और टोटल लॉस में इंश्योरेंस कंपनी उनका भुगतान कर देती है और उन्हें साल्वेज में बेच देती है। तो भी न तो इंश्योरेंस कंपनी और न ही उस वाहन का मालिक संबंधित विभाग को सूचना देता है कि यह वाहन समाप्त हो चुका है। इस काम के लिए इन दोनों संबंधित पक्षकारों को जिम्मेदार बनाना चाहिए। यह सरकार के अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। और जब तक सरकार के पास इस तरह का डेटा संपूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं होगा कि कौन-सा वाहन कब सड़क से हट चुका है, तब तक उसके हिसाब से योजना बनाना बड़ा मुश्किल होगा।

यदि सरकार चाहे, तो रात्रि गश्त पर जो पुलिस होती है, उसे मालूम पड़ सकता है कि कितने ऐसे वाहन जो बहुत लंबे समय से एक ही जगह पर खड़े हुए हैं, उनके टायर-ट्यूब खराब हो चुके हैं, वे साल्वेज का रूप ले चुके हैं, और सड़क पर चलने योग्य नहीं हैं। ऐसे वाहन केवल सड़क के किनारे खड़े होकर सरकारी जगह पर अतिक्रमण कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि गश्ती पुलिस और होमगार्ड की जिम्मेदारी लगाई जाए कि उन वाहनों को वहां से उठाएं और स्क्रैप कर दें।

कई बार मुझे सरकारी अधिकारियों और उनके काम करने के तरीके पर बड़ी हंसी आती है कि भारत में जब भी जिस राज्य में यह विभाग खुले, तब से लेकर आज तक जो वाहन पहली बार वहां पंजीकृत हुआ, वह आज भी उसी नाम पते पर दर्ज है। तो क्या सरकार और उसके अधिकारी यह मानते हैं कि वह व्यक्ति आज भी, आजादी के 75 वर्ष बाद, जिंदा मौजूद होकर सड़क पर वाहन चला रहा होगा?

सरकार को चाहिए कि लगभग हर 10 वर्ष के बाद वाहन की और निजी वाहनों की खासतौर पर, और वाहन मालिक की री-केवाईसी अवश्य करती रहे। जब तक पुराने वाहनों का पंजीकरण निरस्त नहीं होगा, तब तक सरकार के पास ऐसा कोई आंकड़ा सही नहीं हो सकता कि वर्तमान में कितने पंजीकृत वाहन चल रहे हैं।

सरकार एक पंजीकरण सीरीज समाप्त करती है और दूसरी शुरू कर देती है। लेकिन यह ध्यान नहीं देती कि पुरानी सीरीज के कितने नंबर खाली हो चुके हैं। उनकी गहन जांच करना आवश्यक है। इनमें से कई वाहन आज भी अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। धन्यवाद,

**–सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक**
**इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर, राजस्थान**

# 10 पुलिस थानों की टीमों ने बजरी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की

## पुलिस ने 34 ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर दो बजरी माफियाओं को गिरफ्तार किया

**धौलपुर, (निसं)।** अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ जिला पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में करीब 10 पुलिस थानों की टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के देव का पुरा चंबल घाट के आसपास बजरी माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 34 ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर दो बजरी माफियाओं को गिरफ्तार किया है। देर रात की गई कार्रवाई में अधिकांश बजरी माफिया बीहड़ में कूदकर फरार हो गए, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया जयपुर पुलिस मुख्यालय के निर्देश में अवैध माइनिंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत धौलपुर पुलिस लगातार माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि बीती रात पुलिस को मुखबिर द्वारा इनपुट मिला कि कोतवाली थाना इलाके में देव का पुरा गांव के नजदीक चंबल नदी के घाट पर बजरी माफिया अवैध तरीके से बजरी का परिवहन कर रहे हैं। मुखबिर के लोकेशन के आधार पर धौलपुर कोतवाली, धौलपुर सदर, निहालगंज, मनिया, सैपऊ, दिहोली, बसई डांग, बाड़ी सदर, बाड़ी कोतवाली, डीएसटी टीम, पुलिस लाइन का जाब्ता एवं वन विभाग की टीम को कार्रवाई में शामिल किया गया।

**■ देर रात की गई कार्रवाई में अधिकांश बजरी माफिया बीहड़ में कूदकर फरार हो गए**

करीब 10 पुलिस थानों की टीम ने चंबल घाट पर सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चंबल बजरी से भरे हुए 34 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। वहीं आरोपी 19 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र श्रीकृष्ण निवासी भूड़ा एवं 35 वर्षीय रामहेत पुत्र रामअख्तियार निवासी नथुआ का पुरा को गिरफ्तार किया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस ने बजरी माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 34 ट्रैक्टर ट्रॉली को तो मौके से बरामद कर दिया, लेकिन अधिकांश बजरी माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल में फरार हो गए। एसपी ने बताया आरोपियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुकंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व को एक और बाघिन मिली

**कोटा, (निसं)।** मुकंदरा हिल्स टाईगर रिजर्व को एक ओर बाघिन मिली है। अभेड़ा बॉयोलोजिकल पार्क में बंद मादा शावक को यहां रिलीज किया गया है।

डीएफओ मुकंदरा मुथु एस ने बताया कि मादा शावक को दरा के सॉफ्ट एनक्लोजर में छोड़ा गया है। मादा शावक के लिए मुकंदरा में पांच हैक्टेयर का सॉफ्ट एनक्लोजर बनाया गया है। इसके पास ही प्रे-बेस के लिए दो एनक्लोजर बने हुए हैं। इससे पहले सुबह इसकी प्रक्रिया शुरू की गई। अभेड़ा पार्क में मादा शावक को ट्रेंकुलाईज किया गया। डॉक्टर्स की टीम ने हेल्थ चेक अप किया। इसके बाद रेडियोकॉलर पहनाया गया। करीब 11 बजे फॉरेस्ट की टीम मादा शावक को लेकर मुकंदरा टाईगर रिजर्व के लिए रवाना हुई। मादा शावक बाघिन टी-114 की संतान है। शावक का जन्म नवंबर 2022 में रणथम्भौर रिजर्व में हुआ था। बाघिन टी-114 की मौत उसके दो शावक (नर व मादा) को 1 फरवरी 2023 को कोटा अभेड़ा बॉयोलोजिकल पार्क में लाया गया था। उस समय शावकों की उम्र ढाई माह थी। पार्क में वनकर्मियों ने इनका पालन-पोषण किया। दोनों शावकों को एनटीसीए से छोड़ने की अनुमति मिल चुकी थी, लेकिन भारत सरकार की अनुमति मिलने का इंतजार था। कुछ दिनों पहले ही भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय वन्य जीव प्रभाग ने इसके आदेश जारी किए थे। जिसके बाद नर शावक को 4 दिसंबर को बूंदी के रामगढ़ विषधारी टाइगर में रिलीज किया। बुधवार को सात दिन बाद मादा शावक को मुकंदरा में रिलीज किया। अभी मुकंदरा में टाइगर का एक ही जोड़ा है, जिन्हें एमटी 5 व एमटी 6 के नाम से जाना जाता है। मादा शावक को मुकंदरा में रिलीज करने से इनकी संख्या तीन हो गई है। बाद में दो बाघिन को एमपी से लाकर यहां छोड़ा जाएगा। इस दौरान वाइल्ड लाइफ डीएफओ अनुराग भटनागर, मुकंदरा डीएफओ मुथु एस, रामगढ़ विषधारी डीएफओ संजीव शर्मा, सवाई माधोपुर पशुपालन विभाग से डॉ. राजीव गर्ग, डॉ. तेजेंद्र रियाड़, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ से राजशेखर, दौलतसिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी अभेड़ा बॉयोलोजिकल पार्क रतनलाल बैरवा व अभेड़ा पार्क का स्टाफ मौजूद रहा।

# शिल्पग्राम उत्सव 21 से, 20 राज्यों से 800 कलाकार आयेंगे

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर के हवाला गांव स्थित शिल्प के आंगन में शिल्प और कला के महोत्सव का आगाज 21 दिसम्बर को होगा। दस दिवसीय इस महोत्सव की शुरूआत राज्यपाल व पश्चिम क्षेत्र सांस्कृति के केन्द्र के अध्यक्ष हरिभाऊ किसनराव बागड़े नगाड़ा बजाकर करेंगे। शिल्पग्राम उत्सव में 20 राज्यों से 800 कलाकार शिरकत करेंगे। महोत्सव में पत्थर पर कलाकारी कर बनाए गए 12 राशियों के चिन्ह आकर्षण का केन्द्र होंगे। वहीं इस बार मेले में कारीगरी के प्रदर्शन के लिए ऐसे शिल्पकारीगरों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जो मौके पर ही अपनी कारीगरी का प्रदर्शन भी करेंगे। सालावास की दरिया, पटू शाल, कोटा डोरियां, कश्मीरी बुनाई, मोलेला की मिट्टी शिल्प, लाख की चूड़ियां बनाने की प्रक्रिया को मौके पर प्रदर्शन की व्यवस्था की जा रही है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'लोक के रंग-लोक के संग' रखी गई है। इस दस दिवसीय उत्सव में करीब 65 कला दलों द्वारा देश की विभिन्न हिस्सों की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएगी। थड़ों पर बहरूपिया, कच्छी घोड़ी, कच्छी लोकगायन, राठवा, सुंदरी वादन, अल्गोजा वादन, गवरी, मशक वादन, मांगणियार, चकरी ताल, कालबेलिया आदि का प्रदर्शन दिनभर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में बहुरूपी कला का प्रदर्शन भी होगा जिसके लिए बहुरुपिए कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही इस बार शिल्पग्राम में 12 राशियों के चिन्ह विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। इन राशि चिन्हों को देश के युवा मूर्तिकारों द्वारा पत्थर में विशेष रूप से शिल्पग्राम उत्सव के लिए तराशा गया है।

# इंडिया गठबंधन में राहुल का कद कम करने के प्रयास किसकी शह पर हो रहे हैं?

## राजनैतिक हल्कों में चर्चा है कि भाजपा के दबाव में तृणमूल, सपा व शरद पवार ने इंडिया गठबंधन नेतृत्व का मुद्दा उठाया है

- सूत्रों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व असल में राहुल गांधी और प्रियंका के नेतृत्व में कांग्रेस के उभरने की संभावना से आशंकित है, इसीलिए यह सारी बिसात बिछाई गई है।
- इसकी शुरूआत हुई है प. बंगाल से। ज्ञातव्य है कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर दावा करने से पहले ममता बनर्जी राजभवन जाकर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस से मिली थीं।
- सूत्रों ने बताया कि गत कुछ समय से ममता बनर्जी व राज्यपाल के रिश्ते मधुर हो गए हैं। जबकि, कुछ दिन पहले तक दोनों एक दूसरे की भारी आलोचना करते रहते थे।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। ऐसी खबरें आ रही हैं कि विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में राहुल की स्थिति कमजोर करने में मोदी-शाह का हाथ है, क्योंकि एक के बाद एक विपक्षी नेता विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व पर ममता बनर्जी के दावे का समर्थन कर रहे हैं।

और इस बात पर यकीन करने के कई कारण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी, जिन पर अभी राहुल गांधी और बहिन प्रियंका के नेतृत्व में उभरती हुई कांग्रेस का गंभीर खतरा है, को बचाने के लिए भाजपा व संघ ने यह साजिश रची है। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी ने वायनाड से अपने भाई से भी ज्यादा बड़े अंतर से चुनाव जीता था।

राहुल गांधी, जो देश के संविधान पर आर.एस.एस. के प्रहार के कट्टर विरोधी है, की छवि खराब करने की साजिश बहुत चतुराइ से रची गई है और इसकी क्रियान्विति की शुरुआत हुई पश्चिम बंगाल से, जहां तृणमूल नेता ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के नेतृत्व पर दावा किया है।

दस दिसम्बर को लालू यादव भी इस जमात में शामिल हो गए कि ममता बनर्जी को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सबसे बड़े विपक्षी दल के रुप में उभरने के बाद नेतृत्व का मुद्दा हल हो गया था, पर अब उसे फिर से उभारा जा रहा है।

इन विपक्षी नेताओं ने जिस तरीके से बोलना शुरु किया है, उसमें एक बात सामान्य है और वह है पश्चिम बंगाल।

लालू यादव ने भी कहा है कि ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करना चाहिए। इससे एक दिन पहले शरद पवार ने भी कहा था कि ममता बनर्जी देश की एक सक्षम नेता हैं और उन्हें इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व का दावा करने का पूरा हक है। उनके पार्टी सांसद बेहद जागरुक हैं और कड़ी मेहनत करते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ममता बनर्जी का समर्थन किया। लालू यादव की टिप्पणी इसलिए अलग है, क्योंकि लालू के बयान से एक दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने अलग बात कही थी कि एक साथ बैठकर नेतृत्व के चयन पर चर्चा करने की जरुरत है।

लालू यादव के बयान से एक दिन पहले ही ममता बनर्जी ने यू टर्न लिया और "बीती ताहि बिसार दे" की तर्ज पर प.बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के निमंत्रण पर राजभवन गईं। सूत्रों ने कहा कि देश के सर्वोच्च नेतृत्व के एक संदेश ने ममता बनर्जी का रास्ता तैयार किया।

सामान्य हालात में, मुख्यमंत्री व राज्यपाल की मुलाकात में कोई बड़ी बात नहीं है, पर ममता की बात अलग है। अगस्त के बाद वो पहली बार राजभवन गई हैं। अगस्त में तो स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उन्हें प्रोटोकॉल के कारण जाना पड़ा था। ममता बनर्जी जैसी तेज तर्रार नेता के लिए यह बात एकदम उलट है। ममता बनर्जी के उत्थान में भाजपा की महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा की तरह ममता बनर्जी भी वामपंथियों, खासकर माकपा को अछूत मानती है। ममता बनर्जी ने 14 साल पहले पहली बार शपथ ली थी, बस तब से ही राजभवन के साथ उनके रिश्ते शत्रुतापूर्ण रहे हैं। जैसे-जैसे बंगाल की राजनीति पर उनकी पकड़ मजबूत होती गई, राजभवन से उनके रिश्ते और बिगड़ गए, खासकर 2021 के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद।

इस वर्ष गर्मियों में तो राजभवन और सरकार के रिश्ते बहुत ही ज्यादा बिगड़ गए, जब राज्यपाल बोस पर राजभवन की एक पूर्व कर्मचारी के साथ यौन दुराचरण का आरोप लगाया गया। लोकसभा चुनावों में ममता बनर्जी ने राज्यपाल को हटाने की मांग की और कहा कि राज्यपाल के साथ बैठना तक पाप है। बोस ने तो हाल ही में सितम्बर में आर.जी. कार हॉस्पिटल के दुष्कर्म प्रकरण पर ममता बनर्जी के सोशल बॉयकाट की अपील कर दी।

जुलाई में तृणमूल के दो विधायक धरने पर बैठ गए थे कि उन्हें विधानसभा में शपथ दिलाई जाए राजभवन में नहीं। पर हाल ही में राज्यपाल ने 6 नए, विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई तो विरोध में एक आवाज नहीं निकली।

यही नहीं, राजभवन के ट्विटर हैंडल से अटपटी पोस्ट शेयर हुई कि "असली मित्रता फ्लोरोसैंट (प्रतिदीप्त) जैसी होती है। जब सब जगह अंधेरा होता है, तब वो चमकती है। भले ही हम अलग हों, पर हम वृक्ष की शाखाओं की तरह आपस में जुड़े हुए हैं।"

दोनों के बीच सम्बंध मधुर होने का संकेत यह भी है कि राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। हालांकि कुछ उपकुलपतियों की नियुक्तियां अभी भी विचाराधीन हैं।

जहाँ राजभवन और ममता बनर्जी धीरे-धीरे एक-दूसरे के नजदीक आ रहे हैं, वहीं राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन "इंडिया" में दरारें चौड़ी होती जा रही हैं।

हरियाणा और महाराष्ट्र, जहां इस साल के शुरु में हुये लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने आधार तैयार किया था, में एक के बाद एक हुये विधानसभा चुनावों में मिली हार ने इंडिया ब्लॉक की दरारों को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

पिछले सप्ताह, एक बंगाली चैनल के साथ हुई बातचीत में, ममता ने कहा था कि अगर उन्हें अवसर दिया जाता है, तो वे विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिये तैयार हैं।

उन्होंने कहा था, "मैंने इंडिया ब्लॉक गठित किया था, अब इसे व्यवस्थित रखना उन लोगों का काम है, जो इसके नेतृत्व के लिये आगे आये हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूँ? मैं तो बस इतना कहना चाहूँगी कि हर व्यक्ति को साथ लेकर चलने की जरुरत है।" उन्होंने आगे कहा था, "अगर मुझे अवसर दिया जाता है, तो मैं इसे सहजता से चलाना सुनिश्चित करुँगी। मैं पश्चिम बंगाल से बाहर जाना नहीं चाहती, लेकिन मैं यहीं से गठबंधन को चला सकती हूँ।" लोकसभा चुनावों से पहले, ममता ने प्रश्न किया था कि क्या कांग्रेस पूरे देश में 50 सीटें भी ला सकती है। और पिछले 10 वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ कि कांग्रेस लोकसभा चुनावों में 100 से मात्र एक कम, अर्थात 99 सीटों के आँकड़े तक पहुँच गई।

जहाँ कांग्रेसी नेता भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि इस समय ममता बंगाल में उसी तरह अजेय हैं, जैसे एम.के. स्टालिन तमिलनाडु में। लेकिन वे यह भी कहते हैं कि इस दोनों नेताओं तथा इनकी पार्टियों में से किसी की भी, चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं निर्णायक उत्तरी भारत में, कोई मौजूदगी नहीं है।

कांग्रेस इस समय सोच-समझकर खामोशी धारण किये हुये है, क्योंकि राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं से कह रखा है कि वे "इंडिया ब्लॉक के पार्टनरों की किसी भी बात पर प्रतिक्रिया नहीं दें।"

# क्या इंडिया ब्लॉक को एकजुट रख पाएगा ममता बनर्जी का नेतृत्व

## गठबंधन के नेता एक के बाद एक ममता बनर्जी के नेतृत्व के दावे का समर्थन कर रहे हैं

- लालू यादव, शरद पवार और अखिलेश यादव के समर्थन से ममता बनर्जी प्रफुल्लित हैं और उन्होंने समर्थन देने के लिए इन नेताओं का आभार भी जताया।
- चर्चा है कि अगर ममता बनर्जी को नेतृत्व मिला तो गठबंधन को एकजुट रखना ममता बनर्जी की जिम्मेवारी होगी और अन्य क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस के प्रति संदेह खत्म हो जाएगा और कई अन्य दल इस गठबंधन का हिस्सा बनेंगे।

-श्री नन्द झा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। विपक्ष के कई दिग्गज नेताओं, जिनमें शरद पवार तथा लालू यादव भी शामिल हैं, द्वारा तृणमूल कांग्रेस के विचार का समर्थन किये जाने के साथ ही, इस पर गम्भीरता से बात करना शुरू हो गया है कि ममता बनर्जी को इंडिया गठबन्धन की नेता या संयोजक बनाया जाये।

स्वयं बनर्जी ने उनके प्रति सम्मान दिखाने के लिये सभी नेताओं को धन्यवाद दिया है तथा सभी पार्टियों और उनके नेताओं के लिये शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। ममता बनर्जी ने आज कहा, "जिन नेताओं ने मेरे प्रति सम्मान प्रदर्शित किया है, उनमें से प्रत्येक के प्रति मैं कृतज्ञ हूँ। मेरी कामना है कि वे स्वस्थ रहें तथा उनकी पार्टियाँ अच्छा प्रदर्शन करें। मैं चाहती हूँ कि इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करे। मैं हमारे जगन्नाथ मंदिर की ओर से आज सबके लिये मंगल कामना करती हूँ।"

इस समय, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विपक्ष के इंडिया गठबंधन के चेयरमैन हैं, जो इस साल लोकसभा चुनावों से पहले बना था। इस समय इस नेतृत्व परिवर्तन को कई मायनों में फायदेमंद माना जा रहा है। पहला, अब इंडिया ब्लॉक को संचालित करने का भार बनर्जी तथा टी.एम.सी. पर होगा, कांग्रेस पर नहीं, जिस पर प्रायः बड़े भाई की तरह व्यवहार करने का आरोप लगता है। दूसरा, ऐसी सम्भावना है कि विपक्षी पार्टियों के मन में कांग्रेस के प्रति जो संदेह रहता है, वह समाप्त या बहुत कम हो जायेगा। तीसरा, गठबन्धन के पास सही मायने में एक अखिल भारतीय, और सक्रिय लोकतांत्रिक गठबन्धन के रूप में उभरने का अवसर होगा। इंडिया गठबन्धन के बनने का शुरूआती उत्साह तो थोड़ा बहुत तब ही कम हो गया था, जब नीतीश कुमार एन.डी.ए. में चले गये थे। इंडिया ब्लॉक सुगठित तथा सुव्यवस्थित गठबन्धन के रूप में काम नहीं कर सका, क्योंकि लम्बे समय तक इसका कोई संयोजक नहीं रहा था तथा गठबन्धन के नेताओं की मीटिंग भी कम हुईं तथा उनमें अन्तराल भी ज्यादा रहा। गठबन्धन को नेतृत्व देने वाली कांग्रेस ने अपना स्वयं का एजेंडा तथा वैश्विक दृष्टि पर जोर दिया तथा क्षेत्रीय दलों के सरोकारों को समायोजित करने में असफल रही। एक चीज, जो बनर्जी के पक्ष में प्रमुख रूप से जाती है, वह यह है कि भाजपा के खिलाफ टी.एम.सी. का चुनावी स्ट्राइक रेट कांग्रेस से बेहतर रहा है। एन.सी.पी. के संस्थापक शरद पवार ने हाल ही में यह स्वीकार किया तथा ममता बनर्जी को एक "ऐसा सक्षम नेता बताया, जिसे इंडिया ब्लाक के नेतृत्व का दावा प्रस्तुत करने का अधिकार है।" उन्होंने आगे कहा, "उन्होंने जो सांसद संसद में भेजे हैं, वे मेहनती तथा सजग हैं।"

## 'सभी एम.ओ.यू. की रिपोर्ट एक साल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए 1200 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति, पांच नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को भूखंड आवंटन तथा रीको द्वारा आठ औद्योगिक क्षेत्र नियोजित किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर लाने के लिए हम अगले तीन साल में जी.आई. (ग्लोबल इंडैक्स) टैग की संख्या को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जी.आई. टैग वाले उत्पाद गांव से ग्लोबल की तरफ बढ़ेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकास भी विरासत भी" विजन को साकार करेंगे।

शर्मा ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रदेश के औद्योगिक ढांचे की रीढ़ हैं। एम.एस.एम.ई. क्षेत्र राजस्थान की जी.एस.डी.पी. में करीब 25 प्रतिशत योगदान दे रहा है तथा इसके साथ ही निर्यात में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार "निर्यात वृद्धि, सर्व समृद्धि" में विश्वास करती है, जो निर्यातकों की समृद्धि और उनके सशक्तीकरण पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति 2024 जारी की है। मुख्यमंत्री निर्यात वृद्धि अभियान में नए उद्यिमयों को निर्यातक बनाने के लिए निर्यात प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने समिट के इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए सभी मंत्रियों, निवेशकों, उद्योगपतियों, अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समिट में विशेषज्ञों द्वारा दिये गये नए आइडिया से राजस्थान के भविष्य को उज्ज्वल एवं मजबूत बनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान पहले केवल पर्यटन के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इस समिट के सफल आयोजन से प्रदेश उद्योग क्षमताओं के लिए भी जाना जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न कंपनियों और उपक्रमों के एग्जीबिटर बूथ का जायजा लिया और "बिल्डिंग ए सिक्योर नेशन" बूथ पर आधुनिक हथियारों का निरीक्षण किया। उन्होंने हिंदुस्तान जिंक के बूथ पर 3डी आई.वी.आर. तकनीक के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक की माइन्स का वर्चुअल टूर किया तथा इसके साथ ही, राज्य सरकार द्वारा लगाए गए "आई स्टार्ट राजस्थान" बूथ पर रोबॉटिक डॉग का रिमोट से संचालन भी किया। मुख्यमंत्री ने उत्तर पश्चिम रेलवे के बूथ पर भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के मॉडल्स का जायजा भी लिया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सिंकटेक, धूत संगमरमर, हिंगोनिया पुनर्वास केन्द्र और एम्बेसी ऑफ डेनमार्क के एग्जीबिटर बूथ का भी निरीक्षण किया।

## मौलाना मदनी ने जे.पी.सी. की बैठक में वक्फ बिल का विरोध किया

नई दिल्ली, 11 दिसम्बर। वक्फ बिल में संशोधन को लेकर गठित जे.पी.सी. की आज हुई मीटिंग में दारुल उलूम देवबंद की तरफ से शामिल प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ बिल को खारिज कर दिया। सूत्रों के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल की तरफ से मीटिंग में मौलाना अरशद मदनी ने करीब 2 घंटे तक अपनी बात रखी। मदनी ने कहा, अगर ये संसोधन आए तो मुसलमानों की इबादतगाहें महफ़ूज़ नहीं रह पाएगी।

- उन्होंने कहा, यदि ये संशोधन आये तो मुसलमानों की इबादतगाहें महफ़ूज़ नहीं रह पायेंगी।

मुल्क में इतनी पुरानी मस्जिदें और इबादतगाहें हैं, जिनका अब कई सौ बरस बाद यह बताना मुश्किल है कि इनके वाकिफ (वक्फ करने वाला) कौन है। इस संसोधन में कई बड़ी खामिया हैं, जिसको लाने के पीछे की नियत ठीक नहीं है।

ज्ञातव्य है कि वर्तमान में वक्फ संशोधन बिल जॉइंट पार्लियामैंट्री कमेटी के पास है। इस मामले में ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्र सरकार इस बिल को पास करा सकती है। हालांकि, अब तक ऐसा नहीं हो सका है। वहीं वक्फ बोर्ड के मामले पर देश के ईसाई सांसदों ने मुस्लिमों का समर्थन करने का फैसला किया है।

## राहुल ने बिड़ला से सदन चलाने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- राहुल गाँधी ने लोकसभा स्पीकर से कहा कि उनके खिलाफ सदन में की गई अपमानजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से हटा दिया जाना चाहिए।

होने से पहले बिरला से उनके कक्ष में मिले। विपक्ष के नेता ने बिरला से मुलाकात के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया, मैंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ आज बैठक की और उनसे कहा है कि हाउस चलना चाहिए और हम चाहते हैं हाउस चले। हाउस चलाना हमारी नहीं उनकी जिम्मेदारी है। मैंने उनसे यह भी कहा कि हमारी पार्टी के सांसद चाहते हैं कि मेरे खिलाफ जो अपशब्द कहे गये हैं उनको हटाया जाना चाहिए। मेरे खिलाफ सदन में की गई अपमानजनक टिप्पणियों को कार्यवाही से सरकार हटा दे।

## ई.वी.एम. से...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दबदबा रहा है। लेकिन भाजपा इस बार प्रमुख आप नेताओं, जिनमें केजरीवाल भी शामिल हैं, के भ्रष्टाचार का हवाला देते हुये, बेहतर परिणामों की आशा सँजोये हुये है। सर्वोच्च न्यायालय जाने के निर्णय की घोषणा बुधवार एन.सी.पी. (एस.पी.) के नेता प्रशान्त जगतप ने की। जगतप इस बार पुणे की हदायसर सीट से विधानसभा चुनाव हार गये थे।

# अम्बेडकर की मूर्ति के पास संविधान की किताब फाड़ने से हिंसा भड़की

परभणी (महाराष्ट्र), 11 दिसंबर। महाराष्ट्र के परभणी जिले में बुधवार को उस समय हिंसा भड़क उठी जब एक अज्ञात व्यक्ति ने बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति के पास संविधान की प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया।

भीड़ मूर्ति के पास जमा हो गई और पथराव किया। कुछ लोगों द्वारा आज परभणी बंद के आ ान को देखते हुए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है। अंबेडकर की मूर्ति के सामने प्रतीकात्मक संविधान की किताब फाड़े जाने के खिलाफ लोग अभी भी वहां विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों ने नांदेड़ राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और वहां आगजनी करने के अलावा पथराव भी किया। पुलिस नियंत्रण कक्ष परभणी ने कहा, हिंसा में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। हिंसा के दौरान कई कारों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा नियंत्रण पुलिस और एस.आर.पी.एफ. को तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि संविधान का अपमान करने वालों को फांसी दी जानी चाहिए।

पुलिस की ओर से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए। पुलिस ने मामले के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री के काफिले से तेज रफ्तार टैक्सी टकराई, ए.एस.आई. की मौत

## जगतपुरा अक्षरधाम चौराहे पर हुई टक्कर में सी.एम. काफिले की दो कार क्षतिग्रस्त

- मुख्यमंत्री भजन लाल लघु उद्योग भारती के सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केन्द्र के लोकापर्ण समारोह में भाग लेने जा रहे थे। हादसे में टैक्सी ड्राइवर व 4 पुलिसकर्मी घायल हुए।

-कार्यालय संवाददाता-


जयपुर, 11 दिसम्बर। राजधानी जयपुर के जगतपुरा इलाके में तेज रफ्तार टैक्सी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के काफिले में घुसकर दो गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रुप से घायल ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह की देर शाम अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 4 पुलिसकर्मी और टैक्सी ड्राइवर समेत, 6 लोगों का उपचार चल रहा है। बुधवार दोपहर को जगतपुरा इलाके में अक्षय पात्र चौराहे पर हुई इस घटना को मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हादसे के बाद, मौके पर हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा स्वयं घायलों को लेकर महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचे, जहां से तीन लोगों को जीवन रेखा अस्पताल में रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर 3 बजे सी.एम. हाउस से मुख्यमंत्री का काफिला निकला था। भजनलाल शर्मा लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। इसी दौरान जगतपुरा इलाके में अक्षयपात्र चौराहे पर मुख्यमंत्री के काफिले में चल रही दो गाड़ियों को गलत दिशा से आई टैक्सी कार ने तेज टक्कर मार दी। हादसे में ए.एस.आई. (सहायक उपनिरीक्षक) सुरेन्द्र सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। उनके सिर पर चोट आई थी, उन्हें जीवन रेखा में एडमिट कराया गया, जहां देर रात करीब 8 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अक्षय पात्र चौराहे पर ट्रैफिक रोका गया था, लेकिन गलत दिशा से आई तेज रफ्तार टैक्सी गाड़ी मुख्यमंत्री के काफिले की ओर बढ़ती दिखी, तो वहां तैनात ए.एस.आई. सुरेन्द्र सिंह ने टैक्सी को रोकने की कोशिश की। लेकिन, टैक्सी चालक ने सुरेन्द्र सिंह को टक्कर मार दी। इसके बाद टैक्सी सी.एम. के काफिले की गाड़ियों से टकरा गई। इससे एक गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी गाड़ी पलट गई।

हादसे के बाद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी गाड़ी से उतरे और घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचे। चार पुलिसकर्मियों, बलवान सिंह, देवेन्द्र सिंह, ए.सी.पी. अमीर हसन और राजेन्द्र का उपचार चल रहा है। टक्कर मारने वाली गाड़ी का ड्राइवर पवन और उसका साथी भी घायल हो गया। पवन का इलाज महात्मा गांधी हॉस्पिटल में चल रहा है। उसका साथी सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती है। टैक्सी ड्राइवर के पास संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) का आइडैंटिटी कार्ड भी मिला है। हादसे के बाद पुलिस ने कार मालिक को बुलाया, लेकिन कार मालिक का कहना है कि पवन आज छुट्टी पर था, पता नहीं कैसे गाड़ी लेकर पहुंच गया।

पूरे घटनाक्रम में मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं।



राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908

# राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) आगामी 27 फरवरी को

## 16 दिसम्बर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक होंगे रीट के आवेदन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। रीट परीक्षा के लिए लेवल एक व दो के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 दिसंबर से शुरू होगी और 15 जनवरी 2025 तक चलेगी। अभ्यर्थी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इस बार रीट परीक्षा 27 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी।

सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस बार रीट परीक्षा के पैटर्न में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी और इसमें पांचवां विकल्प (पांचवा ऑप्शन) शामिल किया गया है। यह बदलाव परीक्षा को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

- **परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी और इसमें पांचवां विकल्प (पांचवां ऑप्शन) शामिल किया गया है**

**दो पारियों में होगी परीक्षा :-** सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया किरीट 2024 परीक्षा दो अलग-अलग स्तरों (लेवल) की होगी, जो एक ही दिन में दो पारियों में आयोजित की जाएगी। प्राथमिक स्तर (लेवल 1) और उच्च प्राथमिक स्तर (लेवल 2) की परीक्षाएं अलग-अलग समय पर होंगी। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि दोनों परीक्षाओं के संचालन में कोई परेशानी न हो। प्रथम पारी की परीक्षा 27 फरवरी को प्रात: 10 बजे से 12.30 बजे तक होगी। द्वितीय पारी की परीक्षा दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी अधिक होने की स्थिति में परीक्षा का एक दिन बढ़ाया जा सकता है।

**परीक्षा केंद्र और सुरक्षा इंतजाम :-** उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए सख्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और निगरानी के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएंगी।

**बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है लिंक :-** रीट परीक्षा 2024 से संबंधित सभी जानकारियां और आवेदन लिंक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। लेवल एक व दो के लिए 550 रूपए परीक्षा शुल्क रखा गया है। कोई अभ्यर्थी दोनों लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 750 रूपए शुल्क देना होगा।

# 29 जुआरी पकड़े, 10.87 लाख की नगदी जब्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के कारोई थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर जुआ खेल रहे 29 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दांव पर लगे 10.87 लाख की नकदी व जुआ सामग्री के साथ ही नौ लग्जरी वाहन जब्त किये हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्रसिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा निरन्तर राज्य में जुआ, शराब, हथियार व मादक पदार्थ की धरपकड़ के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। इसी के तहत एएसपी सहाड़ा रोशन पटेल व डीएसपी गंगापुर रविन्द्रप्रताप सिंह के सुपरविजन में कारोई व गंगापुर थाना पुलिस की टीम गठित की गई। इस बीच, कारोई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सुंदरपुरा में स्थित फार्म हाउस में जुआ खेला जा रहा है।

इस सूचना पर पुलिस टीम ने फार्म हाउस पर दबिश देकर घेराबंदी की। मौके पर 29 लोग घोड़ादाना पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सभी 29 जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से 10 लाख 87 हजार 50 रुपये की नकदी व जुआ सामग्री के साथ ही नौ लग्जरी वाहन जब्त किये।

# नाबालिग से दुराचार व हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने दो लाख के अर्थदंड से दंडित किया

**अजमेर,** (कासं)। नाबालिग बालिका से दुराचार कर जहर देकर हत्या करने के मामले में बुधवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या-1 के न्यायाधीश ने आरोपी युवक को अंतिम सांस तक आजीवन कारवास की सजा सुनाते हुए दो लाख रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेंद्र परिहार ने बताया कि परिवादी ने मसूदा थाने में 2 अगस्त 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया कि उनकी 16 साल की बेटी को आरोपी शंभूसिंह सुबह करीब नौ बजे अपने साथ खेत पर ले गया, जहां उसने उसके साथ दुराचार कर विषाक्त पदार्थ का सेवन करा दिया। खेत से जब उनकी बेटी घर पर आई तो उसे स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गए, चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए अजमेर के जेएलएन अस्पताल रैफर कर दिया। अस्पताल में छह दिन तक मासूम जीवन और मौत के बीच संघर्ष करती रही और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मसूदा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के साक्ष्य छुपाने के आरोप में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। परिहार ने बताया कि अस्पताल में पीड़िता के बयान दर्ज नहीं को सके थे। अभियोजन पक्ष की प्रकरण में सर्कमट्रांसिस एविडेंस और पीड़िता के शरीर से लिए गए वीसरा रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला सुनाया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में 21 गवाह और 34 दस्तावेज पेश किए गए थे।

**पोस्टमार्टम से हुआ खुलासा :-** लोक अभियोजक परिहार ने बताया कि मृतका का मेडिकल बोर्ड पोस्टमार्टम करवाया गया था। कोर्ट में डॉक्टर ने दिए बयान में बताया कि मृतका के दाहिने तरफ एंगल आफ माउथ पर कुचला हुआ घाव के चोट के निशान थे, जो 24 घंटे के भीतर के निशान थे। डॉक्टर ने बताया कि मृतका के शरीर में जहर पाया गया। पॉस्को कोर्ट के न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे अपराध करने वालों के विरुद्ध नरमी का रूप अपनाया जाना न्यायोचित नहीं है, अंत कठोर धन से दंडित किया जाए।

# सराड़ी गांव में खेत में किसानों को लेपर्ड दिखा

**उदयपुर,** (का.सं.)। उदयपुर संभाग के सलूंबर के सराड़ी गांव में बुधवार को भी लेपर्ड देखा गया। खेत में लेपर्ड को देखकर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह खेत में पानी देने पहुंचे चार किसानों के सामने अचानक लेपर्ड आ गया और गुर्राते हुए उनकी तरफ बढ़ने लगा। सबने मिलकर शोर मचाया तो लेपर्ड झाड़ियों में भाग निकला।

बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे सराड़ी के पास लेपर्ड के पास खेत में काम कर रहे भैरा गायरी, बाबर गायरी, रूपा सालवी, किशन सालवी, देवा तवेड ने देखा। सराड़ी में कालीमगरी, गामरा कुआं पर खेती करने वाले झमकलाल ने बताया कि सुबह के समय बिजली की आपूर्ति होने से खेतों में पानी देने जाना पड़ता है। आज सुबह 7:30 बजे भैरा गायरी, बाबर गायरी, रूपा सालवी, किशन सालवी, देवा तवेड उनके खेत की दीवार के पास बैठे थे।

इसी दौरान पत्तों की सरसराहट हुई और एक लेपर्ड दीवार कूदकर खेत में घुसता नजर आया। वह उन पांच लोगों से करीब 35 फीट दूरी पर था। देखने में बड़ा भयानक लग रहा था। गुर्राहट भी साफ सुनाई दे रही थी। हमने सबने मिलकर कर शोर मचाया तो लेपर्ड तुरंत दीवार कूदकर दोबारा झाड़ियों में भाग गया। हमारी मांग है कि खेतों की तरफ भी पिंजरे लगाए जाएं ताकि लेपर्ड पकड़ में आ सके।

- **दो दिन पहले भी दिखा था लेपर्ड, ग्रामीणों में भय, वन विभाग व प्रशासन से पिंजरा लगाने की मांग की**

लेपर्ड की दिखाई देने की ग्रामीणों ने सूचना भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी को दी। जोशी ने इस मामले में सलूंबर जिला कलेक्टर जेएस संधू और वन विभाग के अधिकारी लोकेंद्र सिंह से बात कर पिंजरा लगाने की मांग की। इससे दो दिन पहले सोमवार को इसी खेत के पास ग्रामीणों को देर रात टॉर्च की रोशनी में लेपर्ड नजर आया था। बड़ा सा लेपर्ड और उसकी चमकीली आंखें देख ग्रामीण जान बचा कर वहां से भागे और 2 दिन तक खेत पर ही नहीं गए।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने बताया. वे ग्रामीणों की सूचना पर गांव में गए और अधिकारियों से बात कर पिंजरा लगाने की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि लेपर्ड का मूवमेंट बढ़ा हुआ है ऐसे में सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी सावचेत करें और अकेले बाहर नहीं निकलने दें।

जोशी ने बताया कि वन विभाग के पास इस रेंज में एक ही पिंजरा है जबकि लेपर्ड के मूवमेंट की शिकायतें आसपास के अन्य गांवों से भी आ रही हैं। जोशी ने इस संबंध में सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा से बात कर कहा कि करावली वन नाका के लिए एक अलग पिंजरे की व्यवस्था कराई जाए, क्योंकि जयसमंद कैचमेंट एरिया मेवल क्षेत्र में लेपर्ड के हमले की शिकायतें ज्यादा आ रही है।

# विवाहिता की मौत

**भरतपुर,** (निसं)। विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने पर उसके परिजनों की शिकायत पर बुधवार को जिला आरबीएम अस्पताल में मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से कराया गया, जिसके बाद मथुरा गेट थाना पुलिस ने शव को मृतका के परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृतका के पति ने महिला की हत्या की है। महिला की मौत गुड़गांव में होने पर परिजनों की शिकायत पर मथुरा गेट थाना पर जीरो डिग्री की एफआईआर दर्ज की गई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि इसी वर्ष 26 अप्रैल को नीतू व उसकी बहन निशा की शादी नगर निवासी विकास व उसके भाई शिवम के साथ हुई थी।

शादी पर सामर्थ्य के हिसाब से खर्चा किया, लेकिन नीतू का पति विकास दहेज में मिली मोटरसाइकिल से संतुष्ट नहीं था। शादी के कुछ दिनों बाद ही विकास ने कार की मांग को लेकर नीतू के साथ मारपीट व प्रताड़ना शुरू कर दी, जिसके बाद कई बार समझाइश भी की गई, जिसके बाद विकास नीतू को लेकर गुड़गांव में रहकर कार्य करने लगा। वहां भी दहेज की मांग को लेकर विकास के द्वारा नीतू से कई बार मारपीट की गई।


**भारतीय बंदरगाह संघ**
प्रथम तल, एनबीसीसी प्लेस, साउथ टॉवर, बी.पी. मार्ग, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

**भारत के विभिन्न प्रमुख बंदरगाहो में सिविल इंजीनियरिंग अनुशासन में कार्यकारी स्तर के पदो की भर्ती**

**भर्ती सूचना-अंतिम तिथि विस्तार**

कृपया विज्ञान संख्या ADVT No. 2024/SGR/01 का संदर्भ लें। ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26.12.2024 तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी। भर्ती प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट www.ipa.nic.in पर उपलब्ध है।

CBC 37203/12/0011/2425 — **मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (प्रभारी)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत जयरामपुरा**
**पंचायत समिति खण्डेला (सीकर)**

पत्रांक-95 — दिनांक-02.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या-2/2024-25**

इस कार्यालय द्वारा सीसी ब्लॉक निर्माण के कार्य को पूर्ण सम्पादित करने हेतु एक वर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटी के साथ उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई टेण्डर प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उक्त कार्य के NIB NO. PIT2425A0222 and UBN NO. PIT2425WSOB00230 है।

**ग्राम विकास अधिकारी** — **सरपंच**
**ग्राम पंचायत जयरामपुरा** — **ग्राम पंचायत जयरामपुरा**
**पं.स. खण्डेला** — **प.स. खण्डेला**



**फॉर्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारत सरकार के दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, २०१७ के विनियमन १४ के तहत)
**डीकर्टिस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| क्रम | विवरण | विस्तृत विवरण |
|---|---|---|
| १ | कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम | डीकर्टिस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड |
| २ | कॉर्पोरेट व्यक्ति की पंजीकरण तिथि | १० जून २०१९ |
| ३ | वह प्राधिकरण जिसके तहत कॉर्पोरेट व्यक्ति पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, जयपुर |
| ४ | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देयता पहचान क्र | U72900RJ2019FTC065226 |
| ५ | कॉर्पोरेट व्यक्ति का पंजीकृत कार्यालय और प्रमुख कार्यालय (यदि कोई हो): | ३/९१ एसएफएस अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, एसएफएस, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान, ३०२०२० |
| ६ | कॉर्पोरेट व्यक्ति की परिसमापन प्रारंभ तिथि | १० दिसंबर २०२४ |
| ७ | परिसमापक का नाम, पता, ई-मेल पता, फोन नंबर और पंजीकरण संख्या : | सुनील गजानन नानल सी/ओ कंज एंड कंपनी एलएलपी, कंपनी सचिव, ३-४, ऐश्वर्या संकुल, १७ जी.ए. कुलकर्णी पथ, जोशी रेलवे म्यूजियम के सामने, कोथरूड, पुणे - ४११०३८<br>स्थायी पता : फ्लैट नंबर ८, प्रियंजलि, गली नंबर ६, दहनुकर कॉलोनी, कोथरूड, पुणे - ४११०३८ ईमेल: sunil.nanal@kanjcs.com आईबीबीआई/आईपीए-००२/आईपी-००१९४/२०१७-१८/१०५६० |
| ८ | दावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ९ जनवरी २०२५ |

इस माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि **डीकर्टिस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड** ने १० दिसंबर २०२४ से स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया प्रारंभ की है।
**डीकर्टिस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड** के सभी हितधारकों को अनुरोध किया जाता है कि वे अपने दावों के प्रमाण ९ जनवरी २०२५ तक, ऊपर वर्णित पते पर परिसमापक को प्रस्तुत करें।
वित्तीय ऋणदाता अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करें। अन्य सभी हितधारक अपने दावों के प्रमाण व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।
झूठे या भ्रामक दावों के प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जा सकता है।

**तारीख : १२/१२/२०२४** — **सुनील गजानन नानल**
**जयपूर** — **परिसमापक**
**आईबीबीआई/आईपीए-००२/आईपी-००१९४/२०१७-१८/१०५६०**

*उपरोक्त सार्वजनिक घोषणा मूल अंग्रेजी सार्वजनिक घोषणा का स्वैच्छिक अनुवाद है। संदर्भ स्पष्टीकरण और अन्य कानूनी मामलों के लिए मूल अंग्रेजी नोटिस को ही मान्य माना जाएगा।





# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान छू रहा है विकास की नई ऊंचाइयां : धर्मेंद्र प्रधान

## 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत दुनिया का सबसे ताकतवर अर्थनीति बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा'

**जयपुर।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके कुशल नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत दुनिया का सबसे ताकतवर अर्थनीति बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा।

प्रधान बुधवार को यहां राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया है तथा उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह अत्यंत हर्ष के साथ उल्लेख करना चाहते है कि शायद यह भजनलाल शर्मा और उनकी टीम का नसीब है कि पहले ही साल में उन्होंने बाउंड्री पार कर दिया हैं। बताया गया हैं कि निवेश के लिए अब तक 35 लाख



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान

करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं जो अपने आप में राजस्थान और उसके नये नेतृत्व के विजन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्टि का परिचय हैं। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह सब एमओयू जमीन पर उतरे।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपनी बात में इस बात पर बल दिया है कि यह सब बातों ही नहीं होगा और निवेश के लिए जो एमओयू हुए हैं वे सारे जमीन पर भी उतरेंगे। यह काम राजस्थान तक ही सीमित नहीं रहेगा इसका पूरे देश में प्रभाव पड़ेगा। प्रधान ने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य के प्रमुख शैक्षिणक शिक्षा आईआईटी जोधपुर, केन्द्रीय विश्व विद्यालय जैसे संस्थान में एडवांस टैक्नोलॉजी लैब को स्थापित करने में मदद करेगी। राजस्थान की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद 11 प्रतिशत की विकास दर प्रदेशवासियों की मेहनत को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल पूंजी निर्माता ही नहीं बल्कि नॉलेज बेस्ड इकोनोमी है। यहां आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित सभी विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को जॉब सीकर्स से ज्यादा जॉब क्रिएटर्स की जरूरत है लेकिन राजस्थान के व्यक्ति को उद्यमिता सिखाने की जरूरत नहीं है उसमें यह खूबी जन्म से ही होती है। उन्होंने कहा कि जैसे खाड़ी देश विश्व अर्थनीति के केन्द्र हैं, वैसे ही भविष्य में जयपुर-जैसलमेर दुनिया के अर्थनीति के केन्द्र बनना तय हैं तथा यह समिट इसको दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

■ **निवेश के लिए अब तक 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं जो अपने आप में राजस्थान और उसके नये नेतृत्व के विजन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्टि का परिचय हैं : प्रधान**

## विद्युत निगमों में 487 पदों पर सीधी भर्ती होगी

**जयपुर।** प्रदेश के पांच विद्युत निगमों में विभिन्न संवर्ग के कुल 487 पदों पर सीधी भर्ती की जायेगी। बिजली कम्पनियों में विभिन्न पदों यथा कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के 25 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11 पदों, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) के 2 पदों, कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों तथा तकनीशियन- (आईटीआई) के 216 पदों (कुल 487) की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। उक्त पदों हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी जनवरी 2025 में जारी की जायेगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा की गई भर्ती सम्बन्धी घोषणाओं के अनुसरण में राज्य सरकार की पांचों विद्युत कम्पनियों (उत्पादन निगम, प्रसारण निगम, जयपुर, अजमेर व जोधपुर विद्युत वितरण निगम) के विभिन्न संवर्गों के पदों से जुड़ने के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गये हैं। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन कर सकते है। मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार प्रदान करने और कर्मचारी हित के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन

## 8020 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण भी होगा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को शिक्षा संकुल में नव निर्मित विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री जोधपुर में चल रहे मेगा रोजगार मेले के दौरान बटन दबाकर इस केंद्र का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान राज्य के इस कड़ी में करीब 9624 लाख रुपए की लागत से प्रदेश के 4010 राजकीय विद्यालयों में नव स्थापित 8020 स्मार्ट कक्षाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा। साथ ही कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के 23,100 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट और कृषि, ऑटोमोबाइल, ब्यूटी एंड वैलनेस, हेल्थ केयर, अपेरल मेडअप व होम फर्निशिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हार्डवेयर और प्लम्बर सहित 7 सेक्टर की 75,325 कौशल सामग्री का वितरण भी किया जाएगा।

इस संबंध में प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि यह केंद्र प्रदेश के 68 हजार से अधिक विद्यालयों में पढ़ने वाले 81 लाख विद्यार्थियों, 4 लाख शिक्षकों और सवा लाख कर्मचारियों के डेटा की निगरानी करेगा। यह प्लेटफ़ॉर्म राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केंद्र से जुड़ा है, जिससे राज्य के शिक्षा प्रदर्शन संकेतकों की सटीक निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि यह पहल तकनीक, डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके विद्यार्थियों के समग्र विकास, शिक्षकों के सशक्तिकरण और प्रशासकों को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षा मंत्री ने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ के साथ, राज्य शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में अग्रसर होगा। इस तरह की आधुनिक तकनीकी पहल से राज्य के विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल और समृद्ध बनेगा।

■ **प्रदेश के 4010 सरकारी स्कूलों में स्थापित 8020 स्मार्ट कक्षाओं का भी होगा उद्घाटन, 23 हजार से ज्यादा मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाएंगे टेबलेट**

# फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंकों से ऋण उठाने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** विद्याधर नगर पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज है और इसके अलावा एक प्राइवेट बैंक से पांच लोन लेकर बैंक को लाखो का चूना भी लगाया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि विद्याधर नगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक से लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर ठग विष्णु लखेरा उर्फ विष्णु लक्षकार निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विष्णु लखेरा ने अपनी खुद की अलग-अलग आईडी बनाकर रखी थी।

थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि विधाधर नगर थाने में एचडीएफसी बैंक की एग्जीक्यूटिव प्रिया शेखावत ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित विष्णु गुप्ता ने अपने नाम से आधार और पैन कार्ड की तीन



आरोपित विष्णु गुप्ता

अलग-अलग तरह की आईडी बना रखी है। इन आईडी से वह पांच तरह के लोन लेकर लाखों का नुकसान पहुंचा चुका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी तो वही मामला दर्ज होने के बाद आरोपी विष्णु गुप्ता फरार हो गया। इस पर आरोपी की तलाशी शुरू की, जिसके बाद पुलिस ने सुनीता कॉलोनी से आरोपित विष्णु गुप्ता को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि अलग-अलग आईडी से अपने आप के तीन नाम बता रखे थे।

आरोपी के पास से कई फर्जी दस्तावेज भी मिले है। वहीं जांच में सामने आया कि जयपुर सिटी में उसके खिलाफ धोखाधड़ी के चार से ज्यादा मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है।

■ **आरोपी ने एक प्राइवेट बैंक से पांच लोन लेकर लाखों रु. का चूना लगाया**

■ **आरोपित विष्णु गुप्ता ने अपने नाम से आधार और पैन कार्ड की तीन अलग-अलग तरह की आईडी बना रखी है**

# राजीविका महिला समूह की गोपालक महिलाएं क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में पात्र : गौत्तम कुमार

## '35 हजार गोपालक महिलाओं को ऋण देने का लक्ष्य'

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि राजस्थान सरकार 5 लाख गोपालक किसानों को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना का लाभ देने के लिये कृतसंकल्प है। इसके लिये राज्य सरकार द्वारा 150 करोड रुपये का ब्याज अनुदान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में डेयरी व्यवसाय में महिला गोपालकों की महती भूमिका को देखते हुये राजीविका महिला समूह की गोपालक महिलाओं को भी योजना के तहत अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय किया गया है।

दक ने बताया कि राजीविका समूह की महिला गोपालकों को ब्याज मुक्त ऋण मिलने से उनमें उद्यमशीलता का विकास होगा तथा आत्मनिर्भर बन ग्रामीण अर्थव्यवस्था में और अधिक योगदान दे पायेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 35 हजार गोपालक महिलाओं को राजस्थान महिला निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फैडरेशन के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि ऐसे गोपालक जो सहकारी डेयरी सोसायटी के सदस्य नहीं है, को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस परेषानी को देखते हुए इस शर्त को शिथिल किया गया है। अब ऐसे गोपालक जो दुग्ध विपणन का कार्य कर रहा है और स्थानीय सहकारी डेयरी का सदस्य नहीं है, उन्हें भी अन्य सभी पात्रता पूर्ण करने पर इस योजना के तहत ऋण मुहैया कराया जायेगा।

■ **स्थानीय डेयरी सहकारी समिति की सदस्यता शर्त को राज्य सरकार ने शिथिल किया**

उन्होंने बताया कि ऋण की सुरक्षा के लिये 1.5 गुणा मूल्य की स्थायी सम्पत्ति को रहन रखने की शर्त को भी विलोपित कर मात्र दो व्यक्तियों की जमानत प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है।

दक ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर सभी गोपालकों के पास पैन कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तथा वे पैक्स एवं डेयरी सोसायटियों के माध्यम से लेन-देन करते हैं, परन्तु पैक्स एवं डेयरी सोसायटियां क्रेडिट स्कोर बताने वाली कम्पनी की सदस्य नहीं हैं।

इससे गोपालकों का क्रेडिट स्कोर अपर्याप्त या ऋणात्मक आ जाता था और वे योजना के तहत ऋण प्राप्त करने के लिये पात्र नहीं हो पा रहे थे। इस समस्या को दूर करने के लिये इस शर्त को विलोपित कर दिया गया है। सहकारिता मंत्री ने बताया कि राजीविका की गोपालक महिला सदस्यों को योजना का निरन्तर लाभ मिलता रहे को सुनिश्चित किया गया है। इसके लिये राजस्थान राज्य सहकारी बैंक राजस्थान महिला निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फैडरेशन को 90 प्रतिशत तक की राशि पुनर्वित्त करेगा।

## सार-समाचार

### प्रदेश की बार एसोसिएशनों के चुनाव कल

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के वन बार वन वोट के निर्देश पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर व दी बार एसोसिएशन जयपुर व दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सहित प्रदेश की करीब 230 बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव शुक्रवार को होंगे। चुनाव संचालन समितियों ने चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर भाग ले रहे प्रत्याशियों की अंतिम सूचियां जारी कर दी हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में 5,716 मतदाता मतदान करेंगे। जबकि दी बार एसोसिएशन, जयपुर चुनाव में 4,880 मतदाता और दी डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में 1831 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव संचालन समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कर्नल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशियों राजेश महर्षि, महेन्द्र शांडिल्य, संगीता शर्मा, इन्द्रेश शर्मा व राजीव सोगरवाल के बीच मुकाबला है। महासचिव पद पर सात प्रत्याशी रमित पारीक, अशोक कुमार यादव, अंकित सेठी, निशांत शर्मा, दीपेश शर्मा, डॉ. रामरूप मीना व शिवराज सिंह चुनाव लड रहे हैं। उपाध्यक्ष के दो पदों पर 7 प्रत्याशी बाबूलाल शर्मा, शालिनी श्योरान, सुरेश कुमार, संदीप कुमार मीना, प्रीति शर्मा, वंदना शर्मा व सुनील कुमार शर्मा हैं। इसी तरह संयुक्त सचिव पद पर तीन प्रत्याशी अमित कुमार शर्मा, आमिर खान व सौरभ दुबे हैं। जबकि दी बार एसोसिएशन जयपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर 6 प्रत्याशी संदीप लुहाडिया, सोमेश चन्द्र शर्मा, राजेश चौधरी, सुरेन्द्र सिंह राजावत, रजनीश गौड व प्रमोद कुमार शर्मा चुनाव मैदान में हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी राम मनोहर शर्मा ने बताया कि महासचिव पद पर 9 प्रत्याशी मनीष गगरानी माहेश्वरी, अर्जुन राजपुरोहित, पुष्पेन्द्र कुमार भारद्वाज, बिन्दिया शर्मा, गोविन्द सिंह चूडावत, पंकज शर्मा पचलंगिया, कुलभूषण गौड, जयराम सिंह व उमेश चौधरी हैं।

### किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को सजा

**जयपुर।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने 16 वर्षीय किशोरी क साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सुमित को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी तिरुपति कुमार गुप्ता ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर न केवल उसे शारीरिक बल्कि मानसिक पीड़ा भी पहुंचाई है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महर्षि ने अदालत को बताया कि पीडिता के पिता ने एक अक्टूबर, 2023 को शिप्रा पथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी बेटी दो दिन से गुमसुम थी और रो रही थी। इसका कारण पूछने पर उसने बताया कि 28 सितंबर की शाम अभियुक्त ने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि अभियुक्त और पीडिता एक दूसरे को पहचानते थे और उम्र के इस पडाव में भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा अपराध हो सकता है। इसलिए उसके प्रति नरमी का रुख अपनाया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

### रेलवे की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के ग्लोबल एक्सपों में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही और इसमें बुधवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर रेलवे स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास के मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान शर्मा ने जयपुर स्टेशन के प्रस्तावित पुनर्विकास के मॉडल को देखा। साथ ही वंदे भारत तथा विभिन्न इंजनों के मॉडल का अवलोकन किया और रेलवे की कार्यप्रणाली को समझा तथा रेलवे द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने मुख्यमंत्री को राजस्थान में रेलवे द्वारा किए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के अंतिम दिन स्कूली बच्चों ने भी इसका आनंद लिया। वंदे भारत, नमो भारत, स्लीपर वंदे भारत, जयपुर स्टेशन के पुनर्विकास का 3डी मॉडल, विभिन्न प्रकार के इंजनों के मॉडल बच्चों के आकर्षण का बिंदु केंद्र रहा। मनोरंजन के लिए ऑनलाइन क्विज और सेल्फी स्क्रीन भी आगंतुकों को पसंद आए। नेशनल रेल म्यूजियम से मंगाए गए फेयरी क्वीन इंजन के मॉडल, मग, पेंटिंग्स एवं अन्य सामग्रिया भी सोवेनियर शॉप में प्रदर्शनी-बिक्री के लिए रखी गई।

### चौथी मंजिल से गिरे मजदूर की मौत

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक प्लम्बर का काम करते समय पैर फिसलने से नीचे गिरकर वह घायल हो गया था। मृतक के भाई ने लापरवाही के चलते मौत होने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मध्य प्रदेश के शिवपुरी निवासी जीतू जाटव (29) की मौत हो गई। सितम्बर-2024 में वह प्लंबर का काम करने जयपुर आया था। मानसरोवर की ग्रीन विलास कॉलोनी में निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार के पास प्लम्बर का काम कर रहा था। 5 अक्टूबर को निर्माणाधीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर काम करते समय पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आ गिरा। साथी मजदूरों ने गंभीर हालत में उसे एसएमएस अस्पताल में एडमिट कराया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान जीतू जाटव की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई हरिओम जाटव ने ठेकेदार और मालिक की लापरवाही के चलते मौत होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

### वृद्धा के गले से चेन तोड़ी

**जयपुर।** वैशाली नगर इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक बुजुर्ग महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। बदमाशों ने हेलमेट पहना हुआ था। पुलिस के अनुसार गुरुजम्बेश्वर नगर निवासी भारती गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी सास 80 वर्षीय राममूर्ति गुप्ता मंदिर से वापस घर लौट रही थी। घर के नजदीक पहुंचते ही पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर डेढ़ तोला सोने की चेन तोड़कर ले गए।

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की निंदा की तिवाड़ी ने

**जयपुर।** राजस्थान से भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने विपक्ष द्वारा लाए राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि विपक्ष द्वारा सभापति जगदीप धनकड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का कदम पूरी तरह से लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक मानदंडों का दुरुपयोग है। यह प्रस्ताव न केवल अनावश्यक और आधारहीन है, बल्कि यह सदन की गरिमा और निष्पक्षता पर हमला है।

राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने बताया कि सभापति ने हमेशा राज्यसभा की कार्यवाही को संविधान के अनुसार, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित किया है। विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और राजनीतिक प्रेरित हैं। तिवाड़ी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं का सम्मान करती है। सभापति के खिलाफ इस तरह का कदम राज्यसभा जैसी गरिमामयी संस्था की प्रतिष्ठा को कमजोर करने का प्रयास है। घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जानते हुए भी कि उनके प्रस्ताव की दुर्गति होनी है, उसके बाद भी वे सदन का समय ख़राब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए को दोनों सदनों में पूर्ण बहुमत हासिल है फिर भी उन्होंने केवल इस कारण कि जगदीप धनकड़ किसान परिवार(जाट) से हैं और इस पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति हैं। कांग्रेस को यह बात हज़म नहीं हो रही। कांग्रेस पार्टी ने चौधरी चरण सिंह को कभी भारत रत्न नहीं दिया और न ही उनको प्रधानमंत्री बनने के बाद लोकसभा में आने दिया। इसी प्रकार कांग्रेस ने राजस्थान में जाट समाज (किसान) के विभिन्न नेताओं को अपमानित करने का काम किया, इनमें परसराम मदेरणा और नाथूराम मिर्धा जैसे दिग्गज नेता शामिल हैं। इसी क्रम में जगदीप धनकड़ जो राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के झुंझूनूं जिले के किठाना गाँव के सामान्य किसान परिवार में जन्मे हैं। धनकड़ ने अपनी योग्यता की छाप सुप्रीम कोर्ट बार एसो. में वकालत के माध्यम से जमाई।

## स्कूल से लौट रही छात्रा का अपहरण

**जयपुर।** मुरलीपुरा इलाके में स्कूल जाने के दौरान नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। छात्रा स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। छुट्टी होने के बाद भी घर नहीं लौटने पर अपहरण का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिग स्कूल छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी नाबालिग बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। हर रोज की तरह सोमवार सुबह स्कूल ड्रेस पहनकर नाबालिग बेटी स्कूल गई थी। दोपहर 3 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी वापस घर नहीं लौटी। काफी समय बाद भी घर नहीं लौटने पर स्कूल जाकर पता किया। नाबालिग बेटी के सुबह स्कूल नहीं आने के बारे में पता चला। परिचित-रिश्तेदारों के साथ ही सहेलियों से पूछने के बाद भी नाबालिग बेटी का पता नहीं चला। घर से स्कूल जाते समय मॉर्निंग में ही स्कूल ड्रेस में नाबालिग बेटी के अपहरण होने के शक पर परिजन थाने पहुंची।

# हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग करने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर।** जवाहर नगर थाना इलाके में हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग करने के मामले में मुख्य अभियुक्त व उसके साथी को पुलिस ने दबोच लिया। हनी टाइगर पर बीस हजार रुपए का इनाम था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 29 नवम्बर की रात करीब 12 बजे सिंधी कॉलोनी जवाहर नगर निवासी हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर कुलदीप गहलोत, हनी टाइगर सहित उनके साथी कार में सवार होकर पहुंचे और डरा धमकाने व जान से मारने की नियत से घर के बाहर फायरिंग की।

इस मामले में पुलिस पूर्व में इस गैंग के सक्रिय पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। घटना के बाद से मुख्य अभियुक्त आचित्य सिंह उर्फ हनी टाईगर व कुलदीप गहलोत उर्फ कालू फरार चल रहे थे। मुख्य आरोपी आचित्य सिंह उर्फ हनी टाइगर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम



जवाहर नगर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग करने मुख्य आरोपी और उसके साथी को गिरफ्तार किया।

घोषित था। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की तलाश में राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में की गई। आरोपियों का पूर्व का आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त किया जाकर उनकी गैंग के साथियों से पूछताछ की गई। आरोपी आचित्य सिंह उर्फ हनी टाइगर गठित टीम द्वारा दी जा रही दबिश से घबराकर जयपुर आ रहा था। इस सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टेंड से आरोपी को पकड लिया।

आरोपी से वारदात में प्रयुक्त एक देशी कट्टा भी बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद वारदात में सहयोग करने वाले सद्दाम को भी पकड़ लिया गया। हनी टाइगर महेंद्र नगर गुर्जर की थड़ी और सद्दाम फतेहपुर रोड सीकर का रहने वाला है।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की प्लेटिनम जुबली स्मारिका का विमोचन किया




**जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को बार एसोसिएशन की प्लेटिनम जुबली स्मारिका महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने विमोचन किया। इस मौके पर बार कौंसिल के चेयरमैन भी मौजूद रहे। हाईकोर्ट बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि स्मारिका में हाइकोर्ट की स्थापना से लेकर अब तक निर्वाचित हुए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की जानकारी के साथ ही एक साल तक चले प्लेटिनम जुबली समारोह की झलकियों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में स्मारिका के साथ ही एडवोकेट्स डायरेक्टरी भी जारी की गई।**

## फायरमैन भर्ती परीक्षा में धांधली

**जयपुर।** फायरमैन भर्ती परीक्षा-2021 में बड़ी धांधली सामने आई है। इस परीक्षा में शामिल तीस स्टूडेंट्स ने सात फर्जी यूनिवर्सिटी से डिग्री और डिप्लोमा लिया है। इस बात का खुलासा एसओजी की जांच में हुआ है। एसओजी ने इसकी रिपोर्ट कर्मचारी चयन बोर्ड को दे दी है। तीस स्टूडेंट्स ने फर्जी डिग्री के जरिए नौकरी हासिल की थी। सात यूनिवर्सिटी की फायरमैन की डिग्री को डिपार्मेंट आफ हायर एजुकेशन ने फर्जी बताया है। इस पूरे मामले को लेकर एसओजी को बड़े पैमाने पर शिकायतें मिली है। शिकायतों की जांच में नित नई बातें सामने आ रही है। जांच में फर्जीवाडे की परते उखड़ रही है। वहीं एसओजी को इस मामले में डमी कैंडिडेट, फिजिकल में गलत मार्क्स देने और फर्जी डिग्री की भी शिकायत मिली है। फर्जी डिग्री जारी करने वाली सातों यूनिवरसिटी राज्य सरकार से अधिकृत नहीं है। जांच में ओपीजेएस, सिंघानिया, सनराइज, माधव राज और श्रीधर और मेवाड़ यूनिवरसिटी की फायरमेन की डिग्रियां फर्जी पाई गई।

## स्पीकर के काफिले में घुसकर रील बनाने वाले पांच बदमाश दबोचे

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी के चलते काफिले में घुसकर रील बनाने के मामले में बगरू थाना पुलिस ने पांच बदमाशों को पकड़ा है। इनमें एक बदमाश नाबालिग है। सभी बदमाश कार में सवार थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि चारों बगरू थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि रील बनाने के लिए विधानसभा स्पीकर के काफिले को बार-बार ओवरटेक कर रहे थे। नाबालिग को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम ने बताया कि 10 दिसम्बर को विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी जयपुर से अजमेर जा रहे थे। इसी दौरान 5 लोगों ने एक आई 20 कार नंबर आरजे 45 के 3385 से स्पीकर की गाड़ी को अजमेर रोड महापुरा से पीछा कर गाड़ी को आगे पीछे लेकर वीडियो बनाने लगे। इस पर गार्ड ने गाड़ी को रुकवाने की कोशिश की तो युवक कार को लहराते हुए काफिले को कट मारकर निकल गए। इस पर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।

इसके बाद जयपुर शहर व जयपुर ग्रामीण के इलाके में कार की नाकेबंदी कराई गई। गाड़ी नंबर के आधार पर मंगलवार रात को ही चार युवकों को डिटेन कर लिया गया था। इस मामले में बगरू थाना पुलिस ने की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है।

इस मामले में सांभर वालों का मोहल्ला तकिया बस स्टैंड बगरू निवासी गणेश सैनी (18) पुत्र दिनेश सैनी, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी राहुल कुमावत (23) पुत्र मांगीलाल कुमावत, जाजोरा की ढाणी फतेहपुर बेगस निवासी साहिल कुमावत (18) पुत्र दुर्गा शंकर कुमावत और सुल्तानों की ढाणी लोकेश यादव (19) पुत्र रमेश चंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग को भी डिटेन किया है, पांचों बगरू थाना के रहने वाले है।




## Decembeard

Going along with the growing popularity of men growing facial hair, Movember was a trendsetter when it was started, to raise awareness about prostate cancer. A few years later, Decembeard, named for its cute little combination of 'December' and 'beard,' encouraged men to grow out their facial hair. In collaboration with Bowel Cancer Awareness, Decembeard was founded with the purpose of raising awareness about the devastating impact of bowel cancer and the importance of getting medical screenings for early detection. It's a great time to help inform the public, and also have a fun time, supporting a good cause!

#INSIGHT

# The Perfume Capital Of India



*Ittar* makers of Kannauj can draw out the fragrance from a large number of natural ingredients.





Before India had liberalised its import market, one of the most popular buys for Indians travelling abroad was perfumes. Around three to four hours' drive, depending on the traffic, from Agra, Kannauj looks like any other dusty north Indian town. Little remains of this once glorious city-state, now part of Uttar Pradesh, which traces its antiquity to the days of the *Mahabharata,* and rose to its greatest height as the capital of Emperor Harsha (590 to 647 CE), when it was called Kanyakubja.

But even as you walk through the streets of the old town, you cannot miss the fragrant note in the air. Even the sludge flowing through the roadside drains sometimes reminds you of a floral note. That is because a large number of families in the town are engaged, for generations, in the making of 'attar' or natural fragrant oils and extracts, which are widely used in making perfumes, essential oils for consumer products.

Although, it is not known when Kannauj started manufacturing *attar* (also known as 'itar,' 'itra' or 'itr') but seventh-century biography *Harshacharita*, written by the emperor's court poet Banabhatta, contains references to the use of agarwood oil. It is also believed that the manufacturing of attar attained great heights during the Mughal period. Ittar makers of Kannauj can draw out the fragrance from a large number of natural ingredients, such as different kinds of flowers (rose, kewra, chameli, bela, marigold, jasmine, lavender, etc.), natural products such as vetiver, and herbs and spices (cardamom, cloves, saffron, juniper berry, jatamansi, etc.). Usually, the flowers are plucked at dawn so that they retain the best fragrance.





It is said that the perfume-makers of Kannauj had mastered the art of distilling the delicate fragrance of the fresh rain on dry soil into a perfume long before Australian mineralogists, Isabel Joy Bear and Richard Grenfell Thomas, discovered the chemistry behind the heady smell and named it 'petrichor.' Known as 'mitti-attar,' it is one of the most sought-after perfumes of Kannauj. Another famous attar from Kannauj is the 'shamama,' made from a co-distillation of different herbs and spices. There are several families who make the *shamama* but each has its own strongly guarded secret recipe.








Despite humble beginnings, his dedication to the cause gained recognition over time. During the COVID-19 pandemic, his efforts to feed stray animals across the city inspired many others, and every winter, he distributes free jackets to street dogs. He has also organized numerous dog shows in Jaipur, drawing pet owners, dog lovers, and even high-profile clientele, ranging from Bollywood stars to political leaders like the President of India as well as state Chief Ministers and Governors.




# Doggie's Day Out




Tusharika Singh
*Freelancer Writer and City Blogger*

Rajasthan's first multi-storey facility for pets is setting new benchmarks in pet care, emerging as a true landmark endeavour. Designed to cater to every need of pets and their families, this innovative space seamlessly blends luxury, well-being, and community under one roof. At its heart lies *The Pawfee House* café, a unique haven where pets and their parents can bond over speciality treats and beverages. The facility also offers a state-of-the-art grooming salon, a well-stocked pet store, a refreshing pool, and much more. It is not just a space for services, it is a thoughtfully designed retreat that celebrates the bond between humans and their furry companions while redefining pet care in Rajasthan.

## Where Pets Take the Spotlight

Situated at the Maharani Farm in Jaipur's Durgapura, an innovative space is redefining how pets are cared for and celebrated. The state's first multi-storey dog facility center is the brainchild of Viren Sharma, affectionately known as the 'Dog Man of India.' Combining leisure, future health-care, and luxury, this facility is a sanctuary where pets are treated as VIPs. "This space was created with the vision of providing not just services but also a safe, loving environment for pets and their parents," says Viren Sharma. "It is about setting a benchmark for pet care in India." The centerpiece of this facility is The Pawfee House, Rajasthan's first true pet café and not just pet-friendly, where pets can roam freely, accompanied by an array of amenities designed for their happiness and well-being.




#PET CARE

## A Life shaped by love for Dogs

Born in a simple Brahmin family, right from his childhood, Viren was surrounded by dogs. His three companions, Kalu, Candy, and Sheri, were his constant friends. His father's love for dogs created an environment where an unconditional bond with furry friends flourished. This passion eventually became the foundation of his career. In 2000, Viren carved out a business model centered around dogs with the *International Dog Bazaar.*

Initially, he even had to loan INR 5000 to buy pet accessories for a dog show stall. Despite humble beginnings, his dedication to the cause gained recognition over time. During the COVID-19 pandemic, his efforts to feed stray animals across the city inspired many others, and



every winter, he distributes free jackets to street dogs. He has also organized numerous dog shows in Jaipur, drawing pet owners, dog lovers, and even high-profile clientele, ranging from Bollywood stars to political leaders like the President of India as well as state Chief Ministers and Governors. With the launch of this new dog center in Durgapura, Viren has taken his mission to elevate pet care in Jaipur to a whole new level.

## Where Pets lead the Way

Unlike many pet-friendly spaces that restrict animals to certain zones, this facility turns the concept on its head. Pets are welcome everywhere, from the café's tables and sofas to the pool and grooming salon. "We wanted to create a space where pets could truly feel at home," says Sharma. The facility's all-weather swimming pool is a hit among dogs who enjoy splashing around, while the pet homestay offers a serene retreat for pets whose owners are travelling. With soothing videos playing on a LCD screen and comfortable accommodations, it is a haven for pets who need extra care in their owner's absence.

## A Super-Speciality Hospital on the Horizon

A major highlight of the facility will be its super-speciality hospital, currently under development. The hospital is set to address both physical and emotional health challenges in dogs. From lifestyle disorders like high blood pressure and diabetes to mental health issues such as anxiety and depression, it aims to provide comprehensive care. "Dogs today face many of the same health issues as humans due to changing lifestyles," Sharma explains. "Once operational, our hospital will ensure holistic care for their well-being."

The hospital will also feature groundbreaking services like dog telepathy experts, who specialize in reuniting lost pets with their families.




## The Pawfee House: More than a Café

While healthcare forms the backbone of the facility, The Pawfee House is a delightful space for pets and their parents. Dogs can enjoy a huge variety of vegetarian dishes, freshly prepared by chefs trained in the UK. For their human companions, the café serves speciality coffee sourced from Africa, Australia, and Colombia, along with an array of delectable treats.

"Every dish for dogs is tailored to their needs and preferences," shares Sharma. "It is not just food, it is an experience for both the dog and the dog owner." The café also features a private lounge for celebrating special occasions like birthdays or adoption anniversaries, complete with custom cakes and decorations.

## Luxury Amenities for Posh Paws

The facility elevates pet care with luxurious amenities. Private kennels, custom meals, and luxury beds ensure that pets enjoy a comfortable stay. There are two boutique apartments which allow tourists to lodge with their pets, ensuring a seamless experience for families travelling with their furry friends.

The grooming salon offers world-class services, including Thai and Greek massages for dogs, ensuring relaxation and rejuvenation. "Pet owners want the best for their dogs, and we're here to provide that, whether it is grooming, fashion, or health," Sharma adds.

## Supporting Stray and Homeless Dogs

The center's commitment to animal welfare extends to the streets. A dedicated kitchen prepares 300 tiffins of fresh food daily for homeless dogs, which are sold for just two rupees to encourage community involvement. "Our motto is to care for all dogs, not just those with owners," says Sharma. Adoption drives, complete with registration, microchipping, and vaccinations are also a regular feature at the facility. Sharma advocates for adopting local breeds, emphasizing their loyalty and loving nature.



## Resident Dogs and Warm Welcomes

Adding to the charm of the facility are its 7-8 resident dogs, who eagerly greet visitors and make everyone feel at home. "People often leave here with not just happy memories but also new friendships, with our resident dogs or other pet parents," Sharma notes.

## A Space to create lasting Memories

For Jaipur's growing pet-loving community, this multi-storey facility is more than just a collection of services, it's a space to create cherished moments. Whether enjoying a relaxing afternoon with coffee, celebrating a pet's birthday with a splash in the pool, or connecting with fellow animal lovers, the center offers something for everyone.

Preventive health checkups are essential for early detection and management of potential health risks, especially in smaller cities where health isn't often a priority. With rising heart attack cases and other health fatalities among young adults, Viren emphasizes that regular health checkups are as crucial for pets as they are for humans.

"Our goal is to create a place where pets and their families can bond, explore, and simply enjoy life," Sharma concludes.


rajeshsharma1049@gmail.com




#J'ADORE

# Coat Trends You'll Want To Wear Everywhere

You've now gained an extra element to finish off your look.

Tis the season to be… bundled. We all know a select group of cold-weather lovers who are rejoicing the winter months. To be honest, with this season's must-have coat trends, we can't blame them. While some of us may be missing those warmer temps, expanding your coat collection makes dressing for winter all the more fun.



## The Wardrobe Staple

You can never go wrong with a true classic. A long wool coat not only keeps you warm, but it's the definition of timeless fashion. This particular style is one of the most versatile outwear trends. Whether you're dressing up for a night out or casually running about town, the wool coat completes your look while keeping you toasty warm all season long.

## Luxe Faux Furs



Looking luxe has never felt so good. When opting for a faux-fur coat (and a well-made one), you still gain an investment for years to come without harming animals in the process. Perfect for layering over chunky knits and eveningwear alike, it's an ideal wardrobe staple for those who love a good stand-out style moment.

## Padded Puffers

A puffer jacket is the tried and true coat that everyone should have in their wardrobe. Even with a cropped style, you'll be warm. Thanks to details like a drawstring waist, that keeps cold air out, or a detachable hood. Plus, in traditional puffer style, these coats are weather-friendly and designed with a water and wind resistant nylon fabric.



## Sleek Leather Trenches

There's no wrong way to wear a leather trench. If there's one outerwear piece that is sure to make your inner style-star shine, it's this one. From confident-girl walks to the office to unforgettable nights out, there's a certain energy that the leather trench holds, which simply elevates every wearer's mood. From coat collectors to those looking to refresh their outerwear, it's the trend you'll be reaching for in your weekly coat rotation.

## Crisp Winter Whites


You all know her and you all wonder how she keeps her pristine whites so clean. Take this as your sign to be that girl and channel a serene energy this season. Winter whites have always been a stunning take on outerwear and this season's clean, crisp silhouettes are no different.

## Effortlessly Chic Quilting

For an effortless throw-and-go coat, look no further than the ever-popular quilted coat. You may recognize this style as it's become the go-to choice among style influencers and editors alike. Think of the quilted coat as the minimalist's alternative to a puffer. Easy enough to slip on as you're running out the door, but made to keep you warm. What's not to love?




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### स्कुली बस की टक्कर से बालिका की मौत

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र के मित्रपुरा थाना अंतर्गत बोरखेड़ा गांव में बुधवार को सुबह आराधना पब्लिक स्कूल मित्रपुरा की बस ने एक 5 वर्षीय बालिका को टक्कर मार दी जिससे बालिका की मौत हो गई टक्कर मारने के बाद बस चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। बस ने 5 वर्षीय बच्ची राधा पुत्री मुकेश जाती शर्मा को टक्कर मार दी जिसे लेकर परिजन मित्रपुरा चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बस को जब्त कर लिया गया है फरार चालक की तलाश जारी है रिपोर्ट प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यशाला आयोजित

**मनोहरपुर ।** मदद फाउंडेशन द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र जो कि ज्ञान सरोवर स्कूल पिपराली रोड में तीन महीने से चलाया जा रहा उस में उषा सिलाई मशीन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिस में महिलाओं को कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया । वर्तमान में महिलाएं सिलाई से अपना घर खर्च चला सकती है इस व्यवसाय में खर्च भी कम है। इस में प्रिंसिपल मेघा शर्मा ज्योति सैनी सुमन सैनी संतोष यादव रेखा शर्मा पूजा राजपुरोहित महिमा राठौड़ काजल शर्मा नयन कंवर उपस्थित रहे ।

### अनियंत्रित ट्रेलर पंचायत भवन से टकराया

**मानपुरा माचेडी ।** दिल्ली जयपुर हाइवे पर लखेर के पास गत देर रात्रि सीमेंट से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बनी नाली फांदते हुए लखेर ग्राम पंचायत के भवन से जा टकराया।जिससे ग्राम पंचायत भवन में बना शौचालय व एक दीवार टूट गए।पंचायत की रिपोर्ट पर चंदवाजी थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नही हुआ।

### शिविर संपन्न

**निवाई।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान बीकानेर के विभागीय आदेशानुसार दो दिवसीय एसडीएमसी व सीएमसी प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसमें प्रत्येक विद्यालय से 6-6 सदस्यों को आमंत्रित किया गया। गया। इस अवसर पर उपाचार्य रामकिशन विजय, योगेंद्र सोगानी, विनोद जैन, कौशर सुल्ताना, रूचि विजय, मुकेश गुर्जर व राजेश विजय सहित कई एसडीएमसी व सीएमसी मौजूद थे।

### आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी 6 माह से फरार थे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के आरोप में सोनू उर्फ कालू पुत्र बंशीलाल बैरवा व मुकेश उर्फ टोल्या पुत्र बंशीलाल मीणा दोनों निवासी चौकड़ी थाना चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एक आरोपी अमरसिंह पुत्र कालूराम मीणा निवासी सवाईसागर थाना चौथ का बरवाडा की तलाश जारी है।

### सुने मकान में चोरी

**मालपुरा ।** शहर के जवाहर नगर आवासीय कॉलोनी मे शातिर चोरो ने सुने मकान को बनाया निशाना। आवासीय कॉलोनी मे रहने वाले पिडित मकान मालिक पोलूराम परिवारजनो के साथ अपने गांव गया हुआ था। चोरो ने रैंकी कर सुने मकान को निशाना बना चुरा ले गये नगदी व सामान।

### देवनारायण गुर्जर अध्यक्ष बने

**चाकसू।** भाजपा नगर मंडल चाकसू ने बूथ संख्या 151 पर सभी कार्यकर्ताओं के बीच देवनारायण गुर्जर को बुथ अध्यक्ष बनाया गया मंडल प्रभारी राम बाबू गोडीवाल मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी पूर्व बुथ अध्यक्ष शंकर लाल गुर्जर शंकर गुर्जर सूरज गुर्जर ताराचंद गुर्जर इसराइल खान रमल आदि उपस्थित रहे

### मुकेश शर्मा बने टोंक विधानसभा समन्वयक

**निवाई ।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन राजस्थान के टोंक विधानसभा समन्वयक पद पर मुकेश शर्मा नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीपी यादव ने मुकेश शर्मा को टोंक विधानसभा समन्वयक पद पर नियुक्त किया है।

# आर्यन को बोरबेल में गिरे हुये 52 घंटे से अधिक समय हुआ, निकालने के सभी प्रयास विफल



रेस्क्यू ऑपरेशन करती टीम।

■ सांसद मुरारीलाल मीणा एवं दौसा विधायक डीडी बैरवा सहित अनेक नेता ने चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली

**दौसा।** दौसा उपखण्ड के ग्राम कालीखाड़ में आर्यन को बोरबेल में गिरे हुये 52 घंटे से अधिक समय हो गया है, बोरबेल से निकालने के सभी प्रयास पूरी तरह से विफल हो गये है। इधर सवाईमाधोपुर से मंगाई पाइलिंग मशीन भी 120 फीट गहरा गड्ढा खोदने के बाद तकनीति खराबी के बाद बंद हो गई, जिसके चलते ये ऑपरेशन भी बंद करना पडा। वही जिला प्रशासन ने सवाईमाधोपुर से दूसरी मशीन मंगाई है, मशीन आने के बाद ही अंतिम ऑपरेशन शुरु किया जावेगा। उधर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने भी अपना रेस्क्यू ऑपरेशन चल रखा है तथा देशी जुगाड से आर्यन को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी ओर कल दोपहर बाद से ही आर्यन ने हलचल करना बंद कर दिया, जिसमें चलते आर्यन के परिजनो का बेहाल हो गया है तथा लाखों लोग आर्यन की सलामती के लिए दुआ कर रहे है।

जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने दोनो टीमों के प्रभारियों से चर्चा कर बोरबेल के पास जेसीबी व एनएलटी से गड्ढा खुदवाना शुरु कर दिया तथा तकरीबन 110 फीट खुदाई के बाद ये ऑपरेशन भी पूरी तरह से फैल गया। इसके बाद सवाईमाधोपुर से फाइलिंग मशीन मंगाने का निर्णय लिया गया, सवाईमाधोपुर से पाइलिंग मशीन मौके पर पहुंची तथा 4 घंटे तक मशीन का इस्टॉल करने के बाद ऑपरेशन शुरु किया गया। पाइलिंग मशीन ने 4 घंटे में 120 गहरा खोद दिया, पाइलिंग मशीन द्वारा तेज गति से खोदे जा रहे गड्डे को देखकर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को ये उम्मीद थी कि दोहपर तक आर्यन को सकुशल बाहर निकाल लिया जावेगा। इधर 120 गहरा गड्ढा खोदते समय पाइलिंग मशीन में तकनीति खराबी आ गई, जिसके चलते ये ऑपरेशन भी रोकना पडा। ऑपरेटर एवं इंजिनियरों ने पाइलिंग मशीन की तकनीति दूर करने का प्रयास किया, लेकिन वे इसमें भी असफल रहे। अंत में जिला प्रशासन ने सवाईमाधोपुर से दूसरी मशील मंगाने का निर्णय लिया। दूसरी मशीन सायं 6 बजे कालीखाड ग्राम पहुंच चुकी है तथा इंजनियरों से मशीन को लोड करना शुरु कर दिया है बताया जाता है कि मशीन को अपलोड करने में तकरीबन 3 से 4 घंटे लगेगे, उसके बाद ये आपरेशन शुरु होगा।

पाइलिंग मशीन द्वारा 150 फीट तक गड्ढा खोदा जावेगा, जिसके बाद उस गड्डे में 4 फीट चोडे लोहे के पाईप डाले जायेगे। लोहे के पाईप डालने के बाद एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के जवानों द्वारा 30 फीट की सुरंग खोदी जावेगी। सुरंग खोदने का कार्य जवानों द्वारा किया जावेगा। जिसमें तकरीबन 4 से 5 घंटे तक का समय लग जायेगा। सोमवार से ही आर्यन को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

## सर्दी बढ़ने से खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज बढे

**नारायणपुर ।** उपखंड क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बदलते मौसम के चलते राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इन दिनों मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। मौसम बदलाव से मौसमी बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा हैं। अचानक ठंड बढ़ने से लोग बीमार हो रहे हैं। पहले सीएचसी की ओपीडी में रोजाना 250 से 300 मरीज आते थे। बीते दो-तीन दिनों में यह संख्या बढ़कर 500 से 600 हो गई हैं। इनमे अधिकांश मरीज सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार के आ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम के बदलाव को शरीर को सहन नहीं करने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। वही सीएचसी में आये मरीजों को चिकित्सक स्वस्थ्य रहने के लिए आवश्यक सलाह दे रहे हैं। डॉक्टरों का कहना हैं कि सुबह उठने के बाद गर्म पानी पीना चाहिए। मौसम के अनुसार रहन-सहन व खान-पान से स्वस्थ्य रह सकते हैं।

# पावटा मुख्यालय पर उपजिला चिकित्सालय बनाना मेरी प्राथमिकता : कुलदीप धनखड

■ पावटा मुख्यालय पर सरकारी भूमि नहीं होने के कारण हो रही परेशानी

**पावटा।** क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शभजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र खीवंसर ने मेरे आग्रह पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया है। विधायक धनखड ने कहा कि किसी भी नेता या किसी भी कार्यकर्ता ने पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत करने के लिए कोई आग्रह नहीं किया था। मैंने मेरी जिमेदारी का निर्वहन करते हुए इसे क्रमोन्नत कराया ताकि सत्ताईसा क्षेत्र की जनता एवं आमजन को ठीक प्रकार से उपचार एवं चिकित्सा की सुविधा मिल सके। नेशनल हाईवे 48 पर आए दिन सडक दुर्घटना होती रहती है एवं उपचार के अभाव में सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को कोटपूतली, शाहपुरा एवं जयपुर के लिए रेफर करना पडता है कई बार वहां तक पहुंचते-पहुँचते मरीजों की मौत तक हो जाती है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुयमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री श्रीमान गजेन्द्र खीवसर से निवेदन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा को क्रमोन्नत कर उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवा कर जनता को सौगात देने का कार्य किया है। इस उपजिला चिकित्सालय को बनाने के लिए लगभग 30 से 40 करोड रुपए की लागत आएगी भारत सरकार एवं राज्य सरकार के नियमानुसार इस अस्पताल के निर्माण के लिए कुल भूमि 28500स्क्वायर मीटर जमीन की आवश्यकता है तथा भवन निर्माण के लिए 10500 स्क्वायर मीटर भूमि की आवश्यकता है इसी भूमि मल्टी स्टोरी भवन का निर्माण होना है एवं इस भूमि के अतिरिक्त भूमि में आपातकालीन, मोर्चरी, लॉन्ड्री हाउस, डॉ एवं नर्सिंग स्टाफ के आवास का निर्माण भी होना है साथ-साथ ट्रोमा सेंटर का निर्माण भी करवाया जाएगा जोकि बजट की घोषणा में शामिल नहीं था।

विधायक धनखड ने बताया कि मैनें सभी प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी सभी से बात होने के बाद सरकारी भूमि, चारागाह भूमि, पावटा मुयालय के आसपास नहीं होने के कारण लाडाकाबास में चारागाह भूमि को सवाईचक भूमि में रूपांतरण कराकर उप जिला चिकित्सालय के निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि का आवंटन किया गया है।

10-15 दिन में किसी भी व्यक्ति द्वारा पावटा पर इतनी बडी भूमि उपलब्ध होती है तो पावटा मुयालय पर उपजिला चिकित्सालय का निर्माण हो जो मेरी प्राथमिकता है। उक्त बैठक में विधायक धनखड द्वारा सभी प्रमुख नेताओं, व्यापारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सामने घोषणा की गई है कि अगर पावटा में सरकारी भूमि यदि उपलब्ध नहीं हो तो भी आमजन की भावना को ध्यान में रखते हुए पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिस भवन में चल रही है उसी भवन में चलाने का वायदा किया। धनकड ने कहाँ कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यथावत जिस स्थान पर है उसी पर यथावत रहेगा यह मेरी जिमेदारी है।

# राज्य सरकार के एक साल पूरा होने पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

■ युवा एवं रोजगार उत्सव के अवसर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न जिलों के नवचयनित कार्मिकों से संवाद करेंगे

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर 12 से 17 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

जिला कलक्टर ने बताया कि प्रातः 8 बजे शहीद स्मारक से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक रन फॉर विकसित राजस्थान, प्रातः 10 बजे सूचना केंद्र (पीआरओ ऑफिस) में जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ, पंच गौरव के शुभारम्भ, जिला स्तरीय विकास पुस्तिका का विमोचन एवं पत्राकार वार्ता करेंगे। उसके पश्चात् प्रातः 11 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव में शिरकत करेंगे। जहां नवचयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्रा सौंपे जायेंगे। युवा एवं रोजगार उत्सव के अवसर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न जिलों के नवचयनित कार्मिकों से संवाद करेंगे।

इसी प्रकार 13 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की द्वितीय किश्त जारी करने, किसानों को फव्वारा संयंत्रों की स्थापना के लिए अनुदान राशि का हस्तांतरण, फार्म पौंड, पाइप लाइन, तारबंदी, वर्मीकम्पोस्ट, कृषकों को कृषि यंत्रों एवं जैविक खाद के लिए अनुदान, सौर ऊर्जा पंपों की स्वीकृतियां, गोदाम निर्माण, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, पशुपालकों के लिए 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, डेयरी बूथ का आवंटन आदि कार्य किए जाएंगे।

14 दिसम्बर को प्रातः 12 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। इस दौरान लखपति दीदी का सम्मान, स्वयं सहायता समूहों को राशि का हस्तांतरण, राज सखी पोर्टल का शुभारंभ, नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत अनुदान, आंगनबाड़ी केंद्रों पर दूध के लिए मुख्यमंत्री अमृत आहार की शुरुआत, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत राशि का हस्तांतरण, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रथम किश्त का हस्तांतरण, बालिकाओं को स्कूटी वितरण आदि कार्य होंगे।

15 दिसंबर को प्रातः 11 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में अंत्योदय सेवा शिविर आयोजित कर दिव्यांगों को स्कूटी वितरण, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ, निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत राशि का हस्तांतरण, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को क्रण की स्वीकृति, स्वास्थ्य आपके द्वार अभियान सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा।

इसी दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा तथा 17 दिसंबर को प्रातः 12:30 बजे प्रताप ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा।

## सरकारी अस्पतालों में बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अभाव

**जमवारामगढ़ ।** बासना व टोडा मीना पीएचसी पर सुविधाओं का अभाव, एक साल से रीजेंट के अभाव में सीबीसी जांच मशीनें फांक रही धूल, मरीज हो रहे परेशान बासना और टोडा मीना स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पिछले एक साल से सीबीसी जांच मशीन का रीजेंट खत्म होने के कारण खून की जांच का कार्य ठप पड़ा हुआ है। इन दिनों मौसम में बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बुखार, खांसी, जुकाम और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में मरीजों को खून की जांच की आवश्यकता अधिक महसूस हो रही थी, लेकिन अस्पतालों में इस सुविधा के न होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले चुनाव आचार संहिता के कारण रीजेंट की खरीदारी की प्रक्रिया रोक दी गई थी, लेकिन चुनावी आचार संहिता हटे हुए अब करीब छह महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है, फिर भी रीजेंट की खरीदारी नहीं हो पाई। इस कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सरकार की निशुल्क जांच योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इधर कानाराम मीना, नमोनारायण मीना आदि सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि लोग मजबूरी में निजी क्लिनिकों या दूर स्थित अस्पतालों में जांच करवाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है और समय की बर्बादी भी हो रही है।

सीबीसी जांच एक अत्यंत महत्वपूर्ण रक्त परीक्षण है, जिसमें हीमोग्लोबिन के स्तर का परीक्षण किया जाता है। यह परीक्षण किसी भी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का आकलन करने में मदद करता है। यदि सीबीसी जांच की सुविधा उपलब्ध न हो, तो डॉक्टर को मरीज के शरीर की सही स्थिति समझने में परेशानी हो सकती है, जिससे सही इलाज में देरी हो सकती है और मरीज की स्थिति बिगड़ सकती है।

डॉ विकास जैफ, समाजसेवी, जमवारामगढ़ का कहना हैं कि अस्पतालों में सीबीसी जांच मशीन के बंद होने से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार आम जनता के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देती है, तो ऐसे बुनियादी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।-

डॉ विजयसिंह फौजदार, सीएमएचओ, जयपुर प्रथम का कहना हैं कि रीजेंट खरीद की टैंडर प्रक्रिया हो गई है। जल्द ही अस्पतालों में रीजेंट पहुंचा दिया जाएगा।

# 'युवाओं को फिजूल खर्ची के बजाए रक्तदान जैसे पुण्य कार्य करने चाहिए'



विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया ।

■ मन फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 154 यूनिट हुई एकत्रित

**चौंमू / कालाडेरा ।** चौमू शहर के रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा मैरिज गार्डन में मन फाउंडेशन की ओर से स्व. मनमोहन कुमावत की पुण्य तिथि के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 154 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके। यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है, बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता, कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है।

कार्यक्रम आयोजक व नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष अर्चना कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जयपुर शहर चेतन कुमावत, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, नानूराम सैनी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, पार्षद गजेन्द्र यादव मुकेश सिद्ध, बाबूलाल यादव, राहुल शर्मा, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, डॉ. राजेन्द्र कुमावत, डॉ. अशोक कुमावत, डॉ. रवि कुमावत ने बतौर अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जितेन्द्र कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

साथ ही युवाओं में भी रक्तदान को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कुमावत समाज के अध्यक्ष छोटी लाल कुमावत, विवाह समिति अध्यक्ष शंकर लाल मामोड़िया, नगर मंडल महामंत्री महेश सेरावत, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा, पूर्व पार्षद रामावतार कुलदीप, मोहन यादव, नरेन्द्र सेवानी, बसंत कुमावत, शुभम कुमावत, सुरेन्द्र कुमावत, सौरभ कुमावत, मदनलाल, घनश्याम, मुरारी, गोपाल, गोवर्धन, पवन, सरिता कुमावत सहित सैकड़ो की संख्या में रक्तदाता उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों का होगा यूडीआईडी पंजीकरण

**सांभरझील, (निसं)।** जिला प्रशासन जयपुर एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर ग्रामीण द्वारा गुरूवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक पंचायत समिति परिसर सांभरलेक में दिव्यांगजन यूडीआईडी पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें शिविर प्रभारी सुमन चौधरी, उपखण्ड अधिकारी, भागीरथ मल मीणा, विकास अधिकारी व कैलाश चौधरी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सह-शिविर प्रभारी रहेंगे।

शिविर में दिव्यांग व्यक्तियों के ऑनलाईन दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, सरकारी योजनाओं यथा सुखद दाम्पत्य योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि का लाभ दिलाने तथा अंग/उपकरण वितरण हेतु चिकित्सकों द्वारा चिन्हित / जांच इत्यादि कार्य किये जाएंगे, साथ ही दिव्यांगजनों हेतु रोडवेज के यात्रा पास भी बनाये जाएंगे। दिव्यांग व्यक्तियों को 21 प्रकार की निःशक्तता के आधार पर प्रमाण पत्र जारी किये जाएंगे।

## सार-समाचार

### विद्युत निजीकरण का विरोध किया



**दौसा।** राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राज्य सरकार द्वारा विद्युत निगमों में विभिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉड्ल के नाम पर किये जा रहे निजीकरण का काली पट्टी बाँधकर विरोध किया। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशव्यापी आव्हान पर बुधवार को संयुक्त संघर्ष समिति दौसा वृत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बाँधकर विरोध प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि 25 नवंबर को जिले के विभिन्न उपखण्ड स्तरों पर एवं 29 नवंबर को जिला स्तर पर विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा विद्युत निगमों में किये जा रहे निजीकरण पर रोक लगाने एवं पुरानी पेंशन योजना के तहत कटौती शुरू किये जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपें गये थे। जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के डिस्कॉम महामंत्री हेमन्त कुमार त्रिवेदी ने कहा कि सम्पूर्ण जिले के विद्युत अधिकारी, अभियन्ता एवं कर्मचारियों द्वारा निजीकरण का विरोध जताते हुए पूरे दिन कार्यालय में काली पट्टी बाँधकर कार्य संपादित किया गया। साथ ही फेसबुक, ट्वीटर सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग लगाकर ट्रेंड किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका को छोड़कर विद्युत क्षेत्र को लाभ.हानि के आधार पर संचालन की मंशा से आगे बढ़ रही है, उसी के कारण विद्युत प्रशासन द्वारा विद्युत निगमों का द्रुतगति से भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉड्ल के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। राजस्थान बिजली वर्कर्स फेडरेशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि निजीकरण के विरोध में 20 दिसम्बर को जयपुर स्थित विद्युत भवन पर संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा विशाल प्रदर्शन कर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसमें प्रदेशभर के विद्युत अधिकारीए अभियन्ता एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर जिले के विविध संगठनों से बनी विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिकारियों सहित हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या का मामला दर्ज

**राजगढ़।** पुलिस थाना क्षेत्र के लच्छा का बास पिनान ग्राम मैं विवाहिता की दहेज की मांग को लेकर हत्या करने का मामला ससुराल पक्ष के विरुद्ध दर्ज हुआ है। इस घटना की सूचना पर उप अधीक्षक मनीषा मीणा, थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा एवं एफएसएल की टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए एवं नमूना लिया। थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा ने बताया कि रात्रि को विक्रम ने सूचना दी कि उसकी बहन लक्ष्मी देवी को मार दिया है। इस सूचना पर मौके पर जाकर देखा तो विवाहिता मृत अवस्था में मिली। मृतका के शव को राजगढ़ के चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मृतका के भाई विक्रम मीणा निवासी मा नकोट थानागाजी ने पति एवं ससुराल पक्ष के विरुद्ध दहेज की मांग को लेकर फांसी लगा कर हत्या करने का आरोप लगाया है। लक्ष्मी देवी 22 वर्ष का विवाह 2 मई 2022 को पिनान ग्राम निवासी मुकेश कुमार के साथ हुआ था। इसके डेढ़ वर्ष की बच्ची है। दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसकी बहन को परेशान करते थे,पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीणा ने एफएसएल की टीम बुलाकर मामले की जांच कराई एवं साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा कर लाश परिजनों को सौंप दी। इस मामले की जांच उप अधीक्षक मनीषा मीना कर रही है।

### पैंथर ने किया गाय का शिकार

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा तहसील अंतर्गत पांवडेरा गांव में कालूराम गुर्जर के कच्चे घर में घुसकर रात्रि को पैंथर ने एक गाय का शिकार किया आहट सुनकर जब लोगों ने चिल्लाना शुरू किया तो पैंथर दीवार फांदकर जंगल की ओर चला गया। सूचना पाकर वनकर्मी सुनील चौधरी, पदम गुर्जर व विमल नागर मौके पर पहुंचे एवं मौका मुआईना करने के बाद पीड़ित कालूराम को मृत गाय का पोस्टमार्टम करा कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। पैंथर का मूवमेंट पांवडेरा रेलवे गेट संख्या 17 तक बना हुआ है इस कारण रेलवे कर्मचारियों को रात्रि में पेट्रोलिंग करने में भी भय बना रहता है।

### रेसलिंग प्रतियोगिता में 7 पदक मिले

**चाकसू।** कस्बे के कस्तूरी देवी महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने राजस्थान विश्वविद्यालय स्पॉर्टस बॉर्ड द्वारा संचालित अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों की गतिविधियों में भाग लिया है। जिसमें महाविद्यालय को रेसलिंग प्रतियोगिता में 7 पदक मिले है। जिसमें किरण चौधरी, आरती सैनी, सुरेन्द्र मीणा, अभिषेक शर्मा स्वर्ण पदक विजेता रहे, मीना चौधरी, नरेन्द्र सिंह सौलंकी, सुरेन्द्र मीणा, अभिषेक शर्मा को रजत पदक मिले। राजस्थान विश्वविद्यालय स्पोर्टसबॉर्ड द्वारा संचालित अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों की गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियो को राजेन्द्र प्रसाद शर्मा निदेशक सुमित शर्मा, सह निदेशक डॉ. सुरेश शर्मा प्राचार्य, कोच महेश जोगी ने बच्चो को प्रौत्साहित किया एंवम निरन्तर प्रयास करते हुये विभिन्न खेलो के माध्यम से आगे बढने का निर्देश देते हुये विधार्थियो को बधाई दी ।

### रिटायरमेंट के 3 महीने पहले जिला शिक्षा अधिकारी सस्पेंड

**अलवर।** शिक्षा विभाग की ओर से किए गए समायोजन में गड़बड़ी मिलने पर अलवर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक व माध्यमिक) नेकीराम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत सस्पेंड कर दिया है। फिलहाल उनका मुख्यालय बीकानेर किया गया है। 21 दिन पहले महिला टीचर ने भी एक अन्य शिक्षक पर रेप का आरोप लगाया था। उस मामले में भी महिला टीचर का आरोप था कि आरोपी ने जिला शिक्षा अधिकारी की शह पर रेप किया है। हालांकि, रेप के मामले में डीईओ पर सीधा आरोप नहीं था। 20 नवंबर को महिला टीचर ने सरकारी टीचर गौतम यादव के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार रेप के आरोपी को लेकर महिला टीचर ने कहा था कि वह बार-बार जिला शिक्षा अधिकारी का हवाला देकर दबाव बनाता था। विभागीय कामकाज को लेकर भी दबाव बनाया और रेप किया। इस मामले में विभाग ने टीचर गौतम यादव को तुरंत सस्पेंड कर दिया था। लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी की सीधी कोई भूमिका नहीं थी। इस कारण 21 दिन बाद में अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने को लेकर सस्पेंड किया है। अब जिला शिक्षा अधिकारी का मुख्यालय बीकानेर कर दिया है।

### भू राजस्व एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू

**मनोहरपुर ।** जिला परिवहन कार्यालय शाहपुरा में पांच वाहन स्वामियों के वाहनों पर विगत कई वर्षों से कर बकाया चल रहा था। जिनके खिलाफ विभाग ने भू राजस्व एक्ट एल.आर. एक्ट के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। परिवहन उप निरीक्षक महेश मधुकर ने बताया कि जिन वाहन स्वामीयो के कर बकाया चल रहे थे उन बकायादारों की संपति का विवरण तहसीलदार से प्राप्त कर समस्त प्रकरण जिला कलक्टर जयपुर को प्रस्तुत किए गए हैं। कलक्टर द्वारा वसूली की अनुशंसा पश्चात् वसूली हेतु उपखण्ड अधिकारी शाहपुरा जयपुर को भिजवा कर बकाया वसूली हेतु आदेशित किया गया। परिवहन उप निरीक्षक ने बताया कि उक्त पांच बकायादरों में से एक बकायादार द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर अपने बकाया वाहनों का कर राशि 4.04 लाख जमा करवाया गया है। शेष बकायदरों से वसूली की कार्यवाही जारी है। महेश मधुकर ने बताया कि सभी वाहन मालिक अपने अपने पंजीकृत वाहनों की कर स्थिति की जांच करें ।

### प्रथम सोलर रूफटॉप पैनल का उद्घाटन

**कोटपूतली।** ग्राम नारेहड़ा में सुमित्रा देवी के घर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत स्थापित सोलर ग्रिड का उद्घाटन एईएन विष्णु दत्त शुक्ला द्वारा किया गया। योजना के तहत उपभोक्ता के तीन किलोवाट सोलर पैनल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमाह 300 युनिट मुफ्त बिजली व केन्द्र सरकार की तरफ से 78 हजार रूपये की सब्सिडी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इस तरह के और भी सोलर पैनल लगाये जायेंगे।

# प्राचीन भारतीय संस्कृति को करें पुन: प्रतिष्ठित : धनखड़



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को जयपुर में अपैरल पार्क रीको औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती की ओर से नव निर्मित सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र का लोकार्पण किया।

**जयपुर।** ज्ञान और कौशल के भरोसे ही विकसित भारत का संकल्प सार्थक होगा। कौशल से व्यक्ति को सामर्थ्य और सम्मान दोनों ही मिलते हैं। ये कहना है उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का। वे आज जयपुर में अपैरल पार्क रीको औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती की ओर से नव निर्मित सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रास्ता ग्रामीण परिवेश और लघु उद्योग से होकर जाता है, ऐसे कौशल केंद्रों से जाता है। क्योंकि विकसित भारत की जो चुनौती है, वह हमारी प्रति व्यक्ति आय है और उसमें आठ गुना बढ़ोतरी होना आवश्यक है। यह बात ठीक है, चाहे जल हो, चाहे थल हो, चाहे आकाश हो, चाहे अंतरिक्ष हो भारत बड़ी छलांग लगा रहा है। संस्थागत ढांचा विश्व स्तरीय बन रहा है। पर इन सबके बाद भी एक चीज जो हमारे भीतर है राष्ट्रवाद, राष्ट्र प्रेम, हम भारतीय हैं भारतीयता हमारी पहचान है। राष्ट्रवाद से हम कभी समझौता नहीं कर सकते। यह राष्ट्रवाद में निहित है कि देश का हर व्यक्ति अपने आप को समृद्ध और सुखी पाये और यह तभी संभव है, जब हमारा सोच कुटीर और ग्रामीण उद्योगों पर जाए।

धनखड़ ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया, उसमें कौशल और नवाचार दोनों पर बहुत ध्यान दिया गया है क्योंकि सिर्फ डिग्री से कुछ हासिल नहीं होता। यदि आप किसी भी काम में कौशल रखते हैं, तो आप समाज के विकास में बहुत बड़ा योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश से कच्चा माल बाहर क्यों जाये, क्यों नहीं उसके लिए प्रोसेस यूनिट बने।साथ ही जलवायु परिवर्तन और वोकल फॉर लोकल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ.कृष्ण गोपाल ने कहा कि किसी विशेष कारण से अगर किसी परिवार के बच्चे दसवीं या बारहवीं से अधिक नहीं पढ़ पाए, तो उनके लिए आगे बढ़ने के सारे रास्ते ही बंद हो जाते हैं। ऐसे बच्चे बहुत ही मामूली से वेतन पर अपने परिवार की आजीविका के लिए संघर्ष करते हैं। आईआईटी और एनआईटी से परे भी बहुत कुछ है जो हमारे युवा संसाधन के लिए सम्बल प्रदान करने वाला है।

राष्ट्रीय सचिव नरेश पारीक, प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़, जोधपुर अंचल अध्यक्ष महावीर चोपड़ा, चित्तोड़ अंचल अध्यक्ष पवन गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण जाजोदिया, भवन निर्माण से जुड़े वरिष्ठ उद्यमी नटवरलाल अजमेरा और केंद्र के व्यवस्थापक महेंद्र खुराना और नवरतन नारानिया ने अतिथियों का स्वागत किया।

## सौर ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने से प्रदेश में उद्योग पनपेंगे : प्रकाश चंद्र

**जयपुर।** लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि राजस्थान के लोगों में वो वाणिज्य कौशल और संकल्प सिद्धि है जिसकी बदौलत वे जहां भी गए, वहां उन्होंने राजस्व और रोजगार सृजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। लेकिन अपनी ही मातृभूमि पर वे उतना निवेश नहीं कर पाए, तो इसके पीछे निश्चित तौर पर कमियां तो रही हैं और उनका समाधान शासन की ओर से अब आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से प्रवासी उद्यमी निवेश के लिए अपना मन बना रहे हैं। वे आज राइजिंग राजस्थान के अंतिम दिन एमएसएमई कॉन्क्लेव को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रकाश चंद्र ने कहा कि देशभर में रोजगार सृजन में लघु उद्योगों की बड़ी भूमिका है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रदेश को निवेश की अपार संभावनाओं वाला बताया।

## निलंबित

**जयपुर ।** शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी ने बताया कि अनिल कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी, श्रीगंगागनर को राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। निलम्बन काल में इनका मुख्यालय निदेशालय, जयपुर में नियत किया गया है।


**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय उप निदेशक उद्यान, डीग**

क्रमांक:-458-60 दिनांक:- 06.12.2024

**खुली निविदा सूचना**

कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 में कृषक प्रशिक्षण/सेमीनार कार्यक्रमों में भोजन व्यवस्था/बैग, स्टेशनरी क्रय की निविदा दिनांक 17.12.2024 समय 11.00 AM तक निविदा शुल्क 200 रूपये प्राप्त की जाकर दिनांक 17.12.2024 समय 12:00 PM तक जमा की जायेंगी। निविदा की समस्त शर्तें एवं निविदा फार्म एस.पी.पी. पोर्टल पर एवं कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

NIB Code - HOR2425A0117
UBN Code- HOR2425SSOB00117

( गणेश मीणा )
उप निदेशक उद्यान
डीग

**नाम परिवर्तन**

मैं रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र दाउदयाल गुप्ता जाति महाजन निवासी मयूर नगर वीर हनुमान के पास सायनाथ खिडकिया करौली तहसील व जिला करौली (राज) का रहने वाला हूं। यह कि रिया मंगल मेरी खास सगी पुत्री है। जिसका विद्यालय में प्रवेश कराते समय सहबन गलती से उसके पिता का नाम रविन्द्र मंगल और माता का मंगल दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम रिया मंगल, पिता का नाम रविन्द्र कुमार गुप्ता तथा माता का नाम मीनू देवी है जो कि समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अत: मेरी पुत्री के विद्यालय रिकार्ड में उसका नाम रिया मंगल, पिता का नाम रविन्द्र कुमार गुप्ता तथा माता का नाम मीनू देवी दर्ज किया जावें।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या: 16- TRD-JU-ETENDER-24-25R2, दिनांक 11.12.2024. कार्य का नाम:** Electrical TRD work in c/w SMR-MBF STD III EI Work (15 stations). **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 66415667.50. **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: www.ireps.gov.in ई - निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 06.01.2025 को 15:00 बजे तक। **ई - निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 06.01.2025 को 15.00 बजे के बाद। विस्तृत जानकारी हेतु कृपया **www.ireps.gov.in** पर विजिट करें।

1424-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नाम परिवर्तन**

गिरीश छाबड़ा तथा गिरीश चन्द्र छाबड़ा दोनों मेरे स्वयं के ही नाम है। निवासी 397/3, राजापार्क, जयपुर। भविष्य में मुझे गिरीश छाबड़ा पुत्र स्व. श्री राम किशन छाबडा के नाम से जाना पहचाना जावें।

I Kamal Kumar Sharma S/o. Niranjan Sharma Address: Pushp Nagar, Sri Madhopur, Sikar (Raj) has changed my Name from Kamal Kumar Sharma to Kamal Sharma for all future purposes.

I Shaurya Kotecha son of Bhupendra Kotecha resident of 22 Girnar Colony ( North) Gandhipath, Vaishali Nagar, Jaipur has changed my name from Shaurya Kotecha to Shaurya Singh Kotecha for all future purposes

I Bhanwar kaur legally wedded spouse of army no 1077943P Ex LD (TS) Late madho singh R/O plot 30 A devi nagar vistar ravan gate harnathpura kalwar road jaipur that have changed my name From BHANWAR KAUR is wrong entered in service record To BHANWAR KAWAR (DOB 10/4/1967) vide affidavit dated 22/11/2024 before district notary Jaipur

**खोया पाया**

प्लॉट नंबर 661, 663 योजना विद्युत नगर 'ए' नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर दिनांक 26.03.2001 को जारी डुप्लीकेट सोसायटी पट्टे, साइट प्लॉन, रसीद तथा जेडीए द्वारा जारी हस्तान्तरण आदेश दिनांक 01.05.2001 दस्तावेज खो गये है। जो श्री दुर्गेश भारतीय के नाम से है। मिलने पर सूचित करें। 9413349468

ABC INDIA LIMITED के शेयर सर्टिफिकेट नंबर 150834, 150835, 150836, 150837, 150838, 347426 FOLIO NO. R0010493 है। यह खो गये है जिस किसी को मिले सूचित करें-राज्यवर्धन 9829167899

मेरे फ्लैट संख्या 46/36/11 मानसरोवर, जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं डिक्लेरेशन कहीं खो गया है यदि किसी को मिले तो सूचित करें राघव पालीवाल 9319984506

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: LWS-TC-OPN-TA&TM-2024R. दिनांक: 10.12.2024. कार्य का नाम:** वर्क ऑफ रिवाईन्डिंग एंड रिपेयर ऑफ कएल ऑफ मैन स्टेटर एक्साइटर शेटर, शेटर शाफ्ट, मैन रोटर पोल कनेक्टिंग सपोर्टिंग रिंग एक्साइटर स्टैटर एंड पोल (मैन फील्ड) ऑफ टीए ऑफ डीपीसी & वर्क ऑफ रिवाईन्डिंग एंड रिपेयर ऑफ टीएम 4303 भेल आर्मेचर (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार). **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.71,44,777/- (इकहत्तर लाख चवालीस हजार सात सौ सतहत्तर रुपये मात्र). **कार्य का स्थान:** लोको एंड वैगन वर्कशॉप, अजमेर. **बिड सिक्यूरिटी/घरोहर राशि:** रू 1,42,900/- (एक लाख बयालीस हजार नौ सौ रुपये मात्र). **ई-निविदा प्रस्तुत करने अंतिम तिथी एव खुलने का समय व दिनांक: 31/12/2024 को 11:00 बजे** तक ई-निविदा उसी दिन **11.15** पर खोली जायेगी। अपरिहार्य कारणो के चलते निविदा खोले जाने के शेड्यूल मे परिवर्तन किया जा सकता है। **वेबसाईट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी व इस में भाग लिया जा सके: http://www.ireps.in**

1421-AR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक कराएं।

**नाम परिवर्तन**

मैं रविन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र दाउदयाल गुप्ता जाति महाजन निवासी मयूर नगर वीर हनुमान के पास सायनाथ खिडकिया करौली तहसील व जिला करौली (राज) का रहने वाला हूं। यह कि वैशणवी मेरी खास सगी पुत्री है। जिसका विद्यालय में प्रवेश कराते समय सहबन गलती से उसके पिता का नाम रविन्द्र अग्रवाल और माता का मीनू दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री के पिता सही व वास्तविक नाम रविन्द्र कुमार गुप्ता तथा माता का नाम मीनू देवी है जो समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अत: मेरी पुत्री के विद्यालय रिकार्ड में उसके पिता का नाम रविन्द्र कुमार गुप्ता तथा माता का नाम मीनू देवी दर्ज किया जावें।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्राचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, करौली (राज.)**

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक : रा.न.म./2024/407 दिनांक :11-12-2024

**अल्प अवधि प्रवेश – सूचना (2024–25)**

राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली में चैयरमेन नर्सिंग कांउन्सलिंग बोर्ड 2024, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा B.Sc. Nursing पाठयकम प्रवेश सत्र 2024–25 की द्वितीय ऑनलाईन काउन्सलिंग के पश्चात रिक्त रही सीटो हेतु योग्य अभ्यर्थियो से आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

**रिक्त सीटो का विवरण**

| S. no. | Course | Admission Session | Vaeant seats | Fee as per state Government |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Nursing (4 Year Course) | 2024 - 25 | 01 | • male Gen/OBC Category RS- 50,000/- (Fist Year) & Caution Money Non Refundable Rs. 1000/-<br>• Male SC/ST & All Female Category RS- 20,000/- (Fist Year) & Caution Money Non Refundable Rs. 1000/- |

नोट :–

1. आवेदन पत्र कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली से निर्धारित शुल्क रूपये 500/– नकद जमा करवा कर दिनांक 11.12.2024 से 14.12.2024 समय 08:00 AM– 2:00 PM तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता RUHS Jaipur द्वारा जारी Information Booklet (B.Sc. Nursing Course Session 2024-25) के अनुससार होगी।
3. प्रवेश हेतु वरीयता निर्धारण RUHS Jaipur द्वारा तिथि 09.12.2024 को पोर्टल पर जारी अभ्यार्थी वरीयता सूची/नवीनतम निर्दश के अनुसार होगे। (As perNursing Counseling board 2024)
4. आवेदन पत्र कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली मे जमा कराने की अन्तिम तिथि 14.12.2024 समय 2:00 PM तक है।
5. पूर्ण रूप सें भरे हुए आवेदन पत्र मय आवश्यक संलग्न दस्तावेज ही विचाराधीन होगे। आवश्यक दसतावेज के अभाव मे अपूर्ण आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जावेगा।
6. योग्य अभ्यार्थियो का चयन RUHS Jaipur तथा राज्य सरकार के नियमो के अनुसार किया जाएगा।
7. आवेदित अभ्यार्थियो की संख्या रिक्त सीटो से ज्यादा होने पर प्रवेश हेतु वरीयता निर्धारण RUHS Jaipur द्वारा जारी सम्बंधित अभ्यार्थी की वरीयता सूची के अनुसार होगे।
8. काउन्सलिंग हेतु अभ्यार्थियो (रिक्त सीटो के तीन गुणा) की सुचना कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 14.12.2024 समय सॉय 2:00 PM बजे पश्चात चस्पा की जावेगी।
9. काउन्सलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियो को कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली मे आवेदन पत्र मे सूचीवद्व समस्त दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 16.12.2024 समय 08:00 AM बजे तक अनिवार्य रूप से Reporting देनी होगी।
10. दस्तावेज सत्यापन उपरान्त अंतिम रूप से चयनित अभ्यार्थियो को कार्यालय राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय करौली मे समस्त मूल दस्तावेज के साथ स्वास्थ्य प्रमाण पत्र , रूपये 500/–Bond taking तथा निर्धारित फीस के साथ दिनांक 16.12.2024 समय दोपहर 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से Joining देनी होगी। नियत तिथि व समय उपरान्त Joining स्वीकार नही होगी।
11. फीस डीडी Government Nursing College Karuli के नाम देय होगी।

प्राचार्य
राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय,
करौली

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी करौली
(कार्यालय अध्यक्ष
राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय,करौली)




सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

एक वर्ष
परिणाम उत्कर्ष



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

माननीय मुख्यमंत्री **श्री भजनलाल शर्मा** के कर कमलों द्वारा

**15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरण**

**एवं**

**85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत**

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

12 दिसम्बर, 2024 | मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर, जोधपुर | प्रातः 11:00 बजे

## शुभारम्भ

- 4010 स्कूलों में 8020 स्मार्ट क्लास रूम
- ई-पाठशाला एवं विद्या समीक्षा केंद्र
- लर्न, अर्न एण्ड प्रोग्रेस प्रोग्राम
- राजस्थान टारगेट ओलम्पिक पोडियम योजना
- स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम
- बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम

## वितरण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 125000 | 75325 | 23100 | 21000 | 155 |
| छात्राओं को साइकिल | विद्यार्थियों को व्यावसायिक टूल किट | विद्यार्थियों को टैबलेट | बालिकाओं को स्कूटी | स्टार्ट-अप को फण्डिंग |

**निभाई जिम्मेदारी - हर घर खुशहाली**

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद


MARUTI SUZUKI ARENA
ग्रांड एरीना महीने में अविश्वसनीय ऑफ़र्स।
जल्दी कीजिए, ऑफ़र दिसंबर 31 को समाप्त हो रहे हैं!
GRAND ARENA MONTH
MARUTI SUZUKI ARENA
Buy Before Price Hike
ALTO K10
SWIFT
BREZZA
WAGONR
ऑफ़र्स स्टॉक रहने तक मान्य
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
विशेष ऑफर
ALTO K10 ₹88 100* | SWIFT ₹88 100*
BREZZA ₹50 000* | WAGONR ₹73 100*
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
T&C Apply Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Offer valid with selected financiers only. **3 years or 100 000 km whichever is earlier. Above offers are valid till 31st December, 2024.